दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्षः 16 | अंक 326 | सीकर, गुरुवार 22 जनवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# ग्रीनलैंड चाहिए, लेकिन ताकत का इस्तेमाल नहीं करेंगे : ट्रम्प

## उसकी हिफाजत अमेरिका के अलावा कोई नहीं कर सकता हमें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरत

जेनेवा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जे के प्लान को दुनिया के सामने सही ठहराया है। बुधवार को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड की सुरक्षा अमेरिका के अलावा कोई और देश नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हमें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी ग्रीनलैंड की जरूरत है। ट्रम्प ने अपने भाषण में कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिए अमेरिका ताकत का इस्तेमाल नहीं करेगा। यह आज की शाम का सबसे बड़ा ऐलान है। ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध करने के लिए उन्होंने डेनमार्क को अहसान फरामोश कहा। डब्ल्यूईएफ में अपने भाषण की शुरुआत में ट्रम्प ने कहा- खूबसूरत दावोस वापस आकर अच्छा लग रहा है। यहां कई बिजनेस लीडर्स, कई दोस्त, कुछ दुश्मन और खास मेहमान मौजूद हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यूरोप गलत दिशा में जा रहा है।

### ट्रम्प बोले- उन्होंने मुझे डैडी कहा, फिर डैडी कैसे बुरा बन गया

ट्रम्प ने अपनी ताकत और रुतबे को लेकर मजाकिया अंदाज में खुद की तारीफ भी की। उन्होंने कहा, पिछली बार उन्होंने मुझे 'डैडी' कहा था। एक बहुत समझदार आदमी ने कहा था कि वही हमारे डैडी हैं, वही सब चला रहे हैं। मैं सच में सब चला रहा था। फिर ऐसा क्या हुआ कि जो सब चला रहा था, वही अचानक बहुत बुरा इंसान बना दिया गया। आपको बता दें कि ट्रम्प ने जून 2025 में नाटो चीफ मार्क रुट ने भी मजाक में ट्रम्प का बचाव करते हुए कहा था कि कभी-कभी डैडी (ट्रम्प) को सख्त भाषा का इस्तेमाल करना पड़ता है।ट्रम्प ने कहा कि दुनिया में युद्ध खत्म कराने के लिए उन्होंने जो काम किया, उसकी कद्र सहयोगी देश नहीं करते हैं। यह सब अमेरिका को बहुत भारी नुकसान उठाकर करना पड़ा।



### ट्रम्प बोले- मैक्रों हर जगह चश्मा पहने क्यों नजर आ रहे

ट्रम्प ने अपने भाषण के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के सनग्लासेज का जिक्र किया। उन्होंने सनग्लासेस की तारीफ करते हुए मजाक में पूछा कि आखिर ऐसा क्या हो गया है कि वह हर जगह इन्हें पहन रहे हैं। मंगलवार को दावोस में भाषण देते समय मैक्रों ने नीले रंग के मिरर वाले एविएटर स्टाइल के सनग्लासेस पहने थे। वह इससे पहले भी पिछले हफ्ते पेरिस में हुई बैठकों के दौरान ऐसे ही सनग्लासेस में दिखे थे।

### ट्रम्प बोले- कनाडा, अमेरिका की वजह से ही चल रहा है

ट्रम्प ने अपने प्रस्तावित गोल्डन डोम डिफेंस सिस्टम पर भी बात की। उन्होंने कहा कि इस सिस्टम का नेचर ऐसी होगा कि यह कनाडा की भी रक्षा करेगा। ट्रम्प ने कहा, कनाडा को अमेरिका से बहुत सारी चीजें मुफ्त में मिलती हैं। उन्हें इसके लिए आभारी होना चाहिए, लेकिन वे नहीं हैं। मैंने कल उनके प्रधानमंत्री को देखा, वे बिल्कुल भी थैंकफुल नहीं लगे। कनाडा को हमारे प्रति आभार जताना चाहिए। कनाडा, अमेरिका की वजह से ही टिका हुआ है। कनाडाई पीएम अगली बार बयान देते समय यह बात याद रखें। आपको बता दें कि ट्रम्प पहले भी कई बार कह चुके हैं कि कनाडा को अमेरिका का हिस्सा बन जाना चाहिए।

## ग्राम विकास अधिकारी 5 हजार 500 रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की अजमेर टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत मिलावट पंचायत समिति किशनगढ़-सिलोरा जिला अजमेर के ग्राम विकास अधिकारी मूल सिंह को परिवादी की पत्नी के नाम का पुश्तैनी पट्टा बनाने की एवज में 5 हजार 500 रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी अजमेर को परिवादी ने शिकायत दी कि उसकी पत्नी के नाम का पुश्तैनी पट्टा बनाने की एवज में ग्राम विकास अधिकारी मूल सिंह सात हजार रुपये की रिश्वत की मांग रहा है। जिस पर एसीबी अजमेर की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना भाटी के नेतृत्व में रिश्वत की मांग का सत्यापन करवाया गया। जिसमें 5 हजार 500 रूपये रिश्वत दिया जाना तय हुआ। इसके बाद एसीबी की टीम ने ट्रेप की कार्रवाई करते हुए कार्यवाही करते ग्राम विकास अधिकारी मूल सिंह को 5 हजार 500 रुपये की रिश्वत लेते हुये पकड़ा।

## शोयब के सिर में लगी गंभीर चोट ढूकिया हॉस्पिटल में बची जान



संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** नंगली स्लेदीसिंह के 6 वर्षीय शोयब भाटी अपने घर की छत पर पतंग उड़ा रहा था कि अचानक पतंग उड़ाते उड़ाते छत से नीचे गिर गया। छत से गिरते ही शोयब बेहोश हो गया। उसके सिर में गम्भीर चोटे आई। चनाना से हायर सेंटर रैफर करने पर घर वाले शोयब को लेकर ढूकिया हॉस्पिटल पहुंचे जहां पर न्यूरो सर्जन डॉ नितिन चौधरी ने गहन चिकित्सा इकाई में निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए उपचार किया जिससे सात दिन बाद शोयब की जान बची और स्वस्थ हुआ। ढूकिया हॉस्पिटल निदेशक डॉ मोनिका ढूकिया ने बताया ढूकिया हॉस्पिटल में न्यूरो विशेषज्ञ की सुविधा होने से ऐसे एक्सीडेंटल केस में घायल व्यक्ति की जान बचने की उम्मीद बढ़ जाती है। न्यूरो सर्जन की देखरेख में किए गए उपचार से शोयब की जान बची ऐसे एक्सीडेंटल केस में नजदीकी न्यूरो विशेषज्ञ के पास ही तत्काल उपचार शुरू करवाना चाहिए। ढूकिया हॉस्पिटल में सभी केसलेश स्कीम में उपचार की सुविधा उपलब्ध है।

डॉ मोनिका ढूकिया ने बताया कि अस्पताल में एक ही छत के नीचे कम्पलीट न्यूरो ट्रौमा केयर जिसमे 24 गुणा 7 इन हाउस 32 स्लाइस सीटी स्कैन, सोनोग्राफी, ब्लड प्लाज्मा की सुविधा उपलब्ध है । ढूकिया हॉस्पिटल में न्यूरो, गुर्दा मूत्र रोग, घुटना जोड़ प्रत्यारोपण, फिजिशियन, सर्जरी विशेषज्ञ की नियमित सेवाएं आरजीएचएस, ईसीएचएस, ईएसआईसी चिरंजीवी, मां योजना में कैशलेस उपलब्ध है।

## स्थापना दिवस पर पीएम मोदी का पूर्वोत्तर को संदेश, संस्कृति और वीरता की सराहना



नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा के स्थापना दिवस के अवसर पर इन राज्यों के नागरिकों को शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला, मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा को पत्र लिखकर पूर्वोत्तर की सांस्कृतिक विरासत, विकास यात्रा और वहां के लोगों की समर्पण भावना की सराहना की। इन पत्रों को संबंधित नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा करते हुए प्रधानमंत्री का आभार जताया।

**मेघालय की सांस्कृतिक विरासत और महिला सशक्तिकरण की सराहना**- प्रधानमंत्री मोदी ने मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा को भेजे पत्र में राज्यवासियों को राज्य दिवस की बधाई दी। उन्होंने लिखा कि मेघालय प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से परिपूर्ण है। खासी, गारो और जैंतिया समुदायों की परंपराएं राज्य को विशिष्ट पहचान प्रदान करती हैं।

## सुप्रीम कोर्ट बोला-अरावली में रोक के बाद भी अवैध खनन

### इससे ऐसे हालात बनेंगे, जिन्हें सुधार नहीं सकेंगे; रोकने के लिए एक्सपर्ट कमेटी बनाएंगे

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को अरावली पहाड़ियों पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि रोक बावजूद भी अवैध खनन चल रहा है। इससे ऐसे हालात बनेंगे, जिन्हें सुधार नहीं सकेंगे। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि खनन रोकने के लिए विशेषज्ञों की एक एक्सपर्ट कमेटी गठित करेगा। कोर्ट ने राजस्थान सरकार से गारंटी ली कि अरावली क्षेत्र में किसी भी तरह का खनन नहीं होने दिया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट लाइव

**बेंच:** पहले जारी अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

**सीजेआई:** कुछ तरह की अवैध गतिविधियां अब भी जारी हैं। अवैध खनन से ऐसे हालात बन सकते हैं, जिन्हें सुधारा नहीं जा सकेगा।

**सीजेआई:** नई रिट याचिकाएं दाखिल न करें। हमें पता है कि ये याचिकाएं क्यों दायर की जा रही हैं।

**वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल (हस्तक्षेप याचिकाकर्ता की ओर से):** हम अरावली का इतिहास जानते हैं। इसकी परिभाषा के पीछे विज्ञान होना चाहिए।

**सीजेआई:** हमें अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों की जरूरत है। सभी लोग नाम सुझाएं। हम चरणबद्ध तरीके से एक्सपर्ट्स की टीम बनाएंगे।

**कपिल सिब्बल:** कृपया 30 मिनट की प्रारंभिक सुनवाई हो। हिमालय और अरावली जैसी पर्वतमालाओं को परिभाषित नहीं किया जा सकता। इनमें टेक्टोनिक मूवमेंट होते रहते हैं।

## राजस्थान में कोहरे के कारण एम्बुलेंस टकराई, मरीज की मौत

### चार वाहनों की भिड़ंत में 10 से ज्यादा घायल

जयपुर।

राजस्थान में घने कोहरे का असर है। सीकर जिले में बुधवार सुबह धुंध के कारण चार बस-ट्रक की भिड़ंत हो गई। इसके बाद और गाड़ियां बस से टकरा गईं। हादसे में 10 लोग घायल हो गए। चूरू में भी एम्बुलेंस के एक्सीडेंट में एक मरीज की मौत हो गई।वहीं, राजस्थान में मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। एक स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस के सक्रिय होने से 22 जनवरी को 6 और 23 जनवरी को 10 जिलों में आंधी-बारिश हो सकती है। कुछ जगहों पर ओले भी गिर सकते हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने बीकानेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के जिलों में इस सिस्टम का सबसे ज्यादा असर होने की संभावना जताई है, जबकि पहले दिन जोधपुर संभाग के कुछ जिलों में भी सिस्टम का असर देखने को मिल सकता है।



### ट्रक से एम्बुलेंस की जोरदार टक्कर

आज भी घने के कोहरे के कारण शेखावाटी सहित एनसीआर वाले एरिया में विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही। कोहरे के कारण फतेहपुर (सीकर) थाना क्षेत्र के हरसावा गांव में ट्रक, बस सहित चार गाड़ियां टकरा गई। हादसे में कुल 10 लोग घायल हुए हैं। इनमें से तीन को सीकर के सरकारी हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर में एडमिट कराया गया है। वहीं, चूरू के श्योपुरा गांव में एक एम्बुलेंस और ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे में जींद के रहने वाले अशोक की मौत हो गई। मरीज अशोक को एम्बुलेंस से सादुलपुर के सरकारी हॉस्पिटल से हिसार रेफर किया गया था।

### कोहरे से गिरा पारा, सर्दी बढ़ी

पिछले 24 घंटे में उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पूर्वी जिलों में घना कोहरा रहा। इस कारण मंगलवार को जयपुर, चूरू, पिलानी, सीकर, फतेहपुर, करौली, दौसा, अलवर में तापमान गिरा।

जयपुर को छोड़कर इन शहरों में तापमान सिंगल डिजिट में दर्ज हुआ। कल सबसे ज्यादा ठंडा इलाका पाली का एरिया रहा, जहां का न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## क्राफ्ट डेमोस्ट्रेशन कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियां व विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** स्थानीय सावित्री बाई फुले महिला महाविद्यालय, सीकर में वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार तथा सीकर है। डीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शन कार्यक्रम क्राफ्ट डेमोस्ट्रेशन कार्यक्रम के दूसरे दिन सांस्कृतिक गतिविधियों एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं एवं प्रशिक्षणार्थियों को भारत की समृद्ध पारंपरिक हस्तशिल्प विरासत से परिचित कराते हुए उन्हें स्वरोजगार, उद्यमिता एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नवीन कुमार, हस्तशिल्प सर्वेक्षण अधिकारी, कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प, हस्तशिल्प सेवा केंद्र, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार तथा विशिष्ट अतिथि श्री सुभाष कुंतल, व्याख्याता, राजकीय विधि महाविद्यालय, सीकर के कर कमलों से हुआ।

उद्घाटन उपरांत अतिथियों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर स्थापित 20 हस्तशिल्प स्टॉलों का अवलोकन किया गया, जहाँ आर्टीजनों ने अपने-अपने हस्तनिर्मित उत्पादों का लाइव डेमोस्ट्रेशन प्रस्तुत किया। अतिथियों ने कारीगरों से संवाद करते हुए उनकी शिल्प-कौशल, डिजाइन एवं नवाचार की सराहना की तथा उन्हें अपनी कला को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुँचाने के लिए प्रोत्साहित किया। तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने हेतु विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, एकल नृत्य प्रतियोगिता एवं सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता शामिल रहीं। इन गतिविधियों में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के सचिव डॉ. ओ.पी. सैनी ने अपने उद्बोधन में बताया कि इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में कॉलेज की लगभग 150 छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के क्राफ्ट प्रदर्शन कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने चाहिए, जिससे महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को हस्तशिल्प, डिजाइन, उत्पादन एवं विपणन से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हो सके। ऐसे आयोजन भारतीय हस्तशिल्पकारों की रचनात्मकता को नया आयाम प्रदान करते हैं तथा देश के प्रत्येक क्षेत्र की विशिष्ट हस्तशिल्प परंपरा को सशक्त रूप से प्रस्तुत करते हैं। मुख्य अतिथि श्री नवीन कुमार ने कहा कि सीकर जिले में विविध प्रकार के कुशल हस्तशिल्प आर्टीजन उपलब्ध हैं। उन्होंने आर्टीजनों को विभागीय पहचान पत्र बनवाने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि उन्हें भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं-जैसे प्रशिक्षण, टूलकिट सहायता, विपणन सहयोग एवं वित्तीय सहायता का लाभ मिल सके। इस अवसर पर उन्होंने वस्त्र मंत्रालय द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपस्थित छात्राओं एवं आर्टीजनों को प्रदान की। सीकर है, डीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के निदेशक मनमोहन पालीवाल ने बताया कि इस शिल्प प्रदर्शन कार्यक्रम में बालिकाओं की सहभागिता एवं रुचि अत्यंत सराहनीय रही। वस्त्र मंत्रालय एवं कम्पनी के सहयोग से आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागी छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिससे छात्राओं का उत्साह एवं आत्मविश्वास और अधिक बढ़ा। कार्यक्रम के दौरान कुल 20 आर्टीजनों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर लकड़ी शिल्प, वस्त्र शिल्प, कढ़ाई, सजावटी हस्तनिर्मित वस्तुएँ एवं अन्य पारंपरिक उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का अवलोकन करते हुए हस्तशिल्प से जुड़े विभिन्न तकनीकी, सांस्कृतिक एवं व्यावसायिक पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। यह कार्यक्रम पारंपरिक हस्तशिल्प के संरक्षण, संवर्धन एवं युवाओं को इससे जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।




## आईसीसी बोला- बांग्लादेश के वर्ल्डकप मैच भारत में ही होंगे

### शेड्यूल बदलने से भी इनकार, एक दिन में जवाब मांगा; नहीं माने तो स्कॉटलैंड को मौका

**नई दिल्ली.**बांग्लादेश को 2026 टी-20 वर्ल्ड कप के अपने सभी मैच भारत में ही खेलने होंगे। आईसीसी ने साफ कर दिया है कि टूर्नामेंट के शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। हालांकि, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को अपने फैसले पर सोचने के लिए एक दिन का और समय दिया गया है। क्रिकइन्फो के मुताबिक आईसीसी बोर्ड की बैठक में 16 में से 14 सदस्य देशों ने बीसीबी के खिलाफ वोट किया, जबकि केवल पाकिस्तान ने बांग्लादेश का समर्थन किया।

## कोबरी-सार



## भागवत कथा का समापन



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत लोयल में खारिया कुआं हनुमान मंदिर में गत 7 दिनों से चल रही भागवत कथा का समापन हुआ। हवन एवं भंडारे में मंदिर में अग्रवाल परिवार ने मंगलवार को पंडित कपिल शास्त्री एवं उनकी मंडली रामगोपाल, अजय, प्रद्युमन, अशोक आदि के सानिध्य में परिवार जनों ने पूजा अर्चना कर हवन में आहुतियां दी। आयोजन मुख्य यजमान मुरारी लाल अग्रवाल एवं मंजू देवी, चंद्र प्रकाश एवं कुसुम देवी, गिरधारी लाल एवं अमिता देवी, राजेश एवं सुमन देवी, अमित एवं अर्पिता, दीपक एवं अदिति, विनय-पूनम, राहुल-मीनाक्षी, निखिल-रुचिका, अंशुल अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, दीपा-पुनीत जालान मुंबई, ज्योति-विनोद खेतान, शिल्पा-अंकित, कोमल-अमित, कुसुम-रूपेश पंसारी, माया देवी-विनोद, समपती-श्याम सुंदर, अमिता-अनिल, सुशीला-राजेंद्र, संतोष-राजेश आदि को पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुतियां दिलवाई। जिसके माध्यम से अग्रवाल परिवार के सभी परिवार जनों एवं ग्रामीणों की सुख समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बालाजी मंदिर में दीप प्रज्वलित कर प्रसाद का भोग लगाने के पश्चात भंडारे का शुभारंभ किया।

## 551 निशानों के पूजन के साथ बसंत महोत्सव का आगाज

### भजन और धमाल पर जमकर थिरके श्रद्धालु



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** शहर में आस्था और उल्लास के संगम के साथ बुधवार को 26वें तीन दिवसीय बसंत महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। श्रीश्याम नवयुवक मित्र मंडल द्वारा आयोजित इस महोत्सव के पहले दिन अडूकिया स्कूल के पास स्थित महाकालेश्वर मंदिर परिसर में भक्ति का अनूठा माहौल देखने को मिला। महोत्सव की शुरुआत बुधवार सुबह 551 निशानों की सामूहिक पूजा के साथ हुई। मंडल के सदस्यों और श्रद्धालुओं ने पंडितों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच निशानों का विधिवत पूजन किया। केसरिया निशानों की पूजा के दौरान पूरा परिसर श्जय श्री श्याम और श्हारे के सहारे की जय के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

#### धमाल और भजनों पर झूमे श्रद्धालु

पूजन के पश्चात मंदिर परिसर में भक्तिमय सांस्कृतिक माहौल बन गया। चंग की थाप और श्याम भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। शेखावाटी की पारंपरिक धमाल और श्याम बाबा के भजनों के बीच श्रद्धालु भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। मंडल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि उत्सव को लेकर भक्तों में भारी उत्साह है और पंडाल को बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया गया है शाम को भजन संध्या एवं नृत्य नाटिका का आयोजन हुआ।

#### आज मनेगा 49वां स्थापना दिवस

22 जनवरी को उत्सव का दूसरा दिन विशेष रहेगा। इस दिन श्रीश्याम प्रभु का 49वां मूर्ति स्थापना दिवस मनाया जाएगा। दोपहर में महिला मंडल द्वारा श्याम पाठ और रात्रि में कोलकाता के कुमार गौरव पारीक द्वारा जागरण की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही बाबा को 56 भोग का प्रसाद भी लगाया जाएगा।

#### शुक्रवार को सजेगी निशान शोभायात्रा

महोत्सव के अंतिम दिन यानी 23 जनवरी को शहर में एक ऐतिहासिक नजारा देखने को मिलेगा। सुबह 9 बजे महाकालेश्वर मंदिर से शुरू होने वाली इस शोभायात्रा में आस्था के कई रंग शामिल होंगे। 551 केसरिया निशानों के साथ सैंकड़ों श्रद्धालु पैदल यात्रा करेंगे। मुंबई-नासिक का नरेश ढ़ोलक ग्रुप और बंटी तिलकधारी एंड ग्रुप अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। शोभायात्रा में बाहुबली हनुमान-गोरिल्ला की विशेष झांकी और रामू महादेव आर्ट ग्रुप के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख आकर्षण होंगे। कोलकाता के विशेष फुलों से सजी बाबा की झांकी, रंग-बिरंगे गुब्बारे और रास्ते में आतिशबाजी के साथ प्रसाद वितरण किया जाएगा। यह यात्रा महाकालेश्वर मंदिर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई पुरानी बस्ती स्थित श्याम मंदिर पहुंचेगी।

## इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में प्रिंस को रिकॉर्ड 664 गोल्ड मेडल

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर स्थित प्रिंस एजुकेशन हब के विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 664 पदक जीते हैं। विद्यार्थियों द्वारा हासिल पदकों में 2 जोनल गोल्ड मेडल, 144 गोल्ड मेडल ऑफडिस्टिंक्शन व 518 गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस शामिल हैं। साथ ही 308 विद्यार्थियों ने टॉप 250 इंटरनेशनल रैंक में भी जगह बनाई है। इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड का उद्देश्य स्टूडेंट्स में मैथेमेटिकल इंटेलिजेंस की पहचान कर एनालिटिकल एबिलिटी व प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स डवलप करना है। इस सफलता पर प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन सहित प्रबंधन सदस्यों व फैकल्टी मेंबर्स ने पदक विजेता विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाइयां दी।

## लघु चित्र शैली के इतिहास और प्रभाव पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

निसं



**बीकानेर ( नवयत्न )।** महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन हेतु राजस्थानी लघु चित्र शैली के इतिहास और प्रभाव पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें बीकानेर के अंतर्राष्ट्रीय पहचान रखने वाले कलाकार महावीर स्वामी ने विद्यार्थियों को मिनिएचर पेंटिंग्स की बीकानेर शैली पर उद्बोधन दिया। इससे पूर्व मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करने के उपरांत इतिहास विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष डॉ मेघना शर्मा ने स्वागत उद्बोधन दिया व विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि लघु चित्र शैली में पौराणिक, धार्मिक और राजसिक दृश्यों का प्रमुखता से प्रस्तुतीकरण होता है जिसमें सुनहरे रंग का सर्वाधिक प्रयोग होता है। उन्होंने मंच से अतिथि के कृतित्व से भी सभागार को रूबरू करवाया। आर्टिस्ट महावीर स्वामी ने उदाहरणों के साथ विद्यार्थियों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से लघु चित्र शैली के इतिहास व प्रभाव पर एक लाभकारी उद्बोधन दिया जिसमें उन्होंने अपने संग्रह से बारहमासी श्रृंखला के आषाढ़ लघु चित्र, ब्रुकलिन व फिलाडेल्फिया म्यूजियम अमेरिका में रखी बैकुंठ दर्शन व अपने गुरु के साथ वार्ता करते बीकानेर के महाराजा सूरत सिंह के साथ-साथ रामायण श्रृंखला से लक्ष्मण मूर्छा और 16वीं सदी के कुंभ मेले के लघु चित्र भी स्लाइड के माध्यम से दिखाए। कोरिया के चित्रकार विशिष्ट अतिथि बे सुंग वॉन ने दक्षिण कोरिया में मिनिएचर पेंटिंग्स के प्रभाव को मंच से उल्लेखित किया व अपनी भारतीय चित्रकला सीखने के सफर पर प्रकाश डाला। डॉ मेघना ने कहा कि विद्यार्थियों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रम में उद्यमशीलता जगाने हेतु ये आयोजन किया गया है। मंच संचालन के साथ-साथ कार्यशाला की प्रासंगिकता पर विचार रखते हुए आयोजन सचिव डॉ खुशाल पुरोहित द्वारा जापान के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान रखने वाले चित्रकार ओसामू तेजुका की पुस्तकें विद्यार्थियों को दिखाई जो बुद्ध के जीवनकाल पर मंघा कला आधारित हैं और जिन्हें कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ रीतेश व्यास द्वारा दिया गया। कार्यशाला में अतिथि शिक्षक डॉ मुकेश हर्ष, डॉ गोपाल व्यास, रिंकू जोशी, जसप्रीत सिंह, भगवान दास सुथार, किरण, रामोवतार उपाध्याय, डॉ नमामी शंकर आचार्य के साथ विभाग के सदस्य तेजपाल भारती, उमेश पुरोहित व 120 विद्यार्थी शामिल रहे।

## संकल्प पत्र भरने वाले श्रावक श्राविकाओं का किया सम्मान



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय ऋषभ द्वार में साध्वी कार्तिक यशा के सान्निध्य में योगक्षेम प्रवास व्यवस्था समिति के तत्वावधान में प्रोत्साहन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य योगक्षेम वर्ष में गुरु चरणों में संकल्पों की भेंट के लिए सर्वाधिक संकल्प पत्र भरवाने वाले श्रावक-श्राविकाओं को सम्मानित करना था। इस अवसर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान के साथ-साथ टॉप-20 संकल्प पत्र भरवाने वाले भाई-बहनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रवास व्यवस्था समिति के अध्यक्ष प्रमोद बेद, तेरापंथ सभा के उपाध्यक्ष राजेंद्र खटेड़, मंत्री राकेश कोचर, महिला मंडल से उपमंत्री सुनीता बेद, अणुव्रत समिति अध्यक्ष शांतिलाल बेद तथा युवक परिषद मंत्री राजेश बोहरा ने अपने प्रेरक विचार व्यक्त किए। साध्वी कार्तिक यशा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रवास व्यवस्था समिति द्वारा चलाए गए संकल्प पत्र अभियान में सभी संस्थाओं एवं श्रावक-श्राविका समाज ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सभी के सामूहिक प्रयासों से लगभग 2000 संकल्प पत्र भरे गए जो गुरुदेव के आगमन पर गुरु चरणों में भेंट किए जाएंगे। कार्यक्रम संयोजन ज्ञानशाला प्रशिक्षिका सपना भंसाली ने किया। कार्यक्रम में प्रवास व्यवस्था समिति के महामंत्री निर्मल कोटेचा, नरपत दूगड़ एवं मन्नालाल दूगड़, महेंद्र बाफना, मीनू बोथरा, पार्षद एवं उपमंत्री रेणु कोचर, राज कोचर सहित बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहीं।

## तेरापंथ भवन में काव्यधारा कार्यक्रम आयोजित



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** स्थानीय तेरापंथ भवन में मुनिश्री सुमति कुमार एवं मुनिश्री देवार्य कुमार के सानिध्य में काव्यधारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कविता के माध्यम से अणुव्रत के सिद्धांतों और मानव जीवन में उनके महत्व पर सारगर्भित चर्चा की गई। कार्यक्रम में कवि पवन महर्षि ने काव्य प्रस्तुति के माध्यम से अणुव्रत नियमों पर प्रकाश डालते हुए उनके पालन का संदेश दिया। अणुव्रत समिति के मंत्री उम्मेद सिंह ने अपने वक्तव्य में अणुव्रत आंदोलन की आवश्यकता और प्रासंगिकता पर विचार रखे। समिति अध्यक्ष सुमन भंसाली ने कविता के माध्यम से मानवता और मानव धर्म की परिभाषा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। मुनिश्री देवार्य कुमार ने अणुव्रत के 11 नियमों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके नैतिक और सामाजिक महत्व को समझाया। वहीं मुनिश्री सुमति कुमार ने काव्यात्मक शैली में सभी से अणुव्रत के नियमों को अपनाने का आह्वान किया और कहा कि इन नियमों के पालन से जीवन सुखी और संतुलित बनता है। कार्यक्रम का समापन अणुव्रत समिति अध्यक्ष सुमन भंसाली द्वारा मुनिश्री एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों तथा समस्त श्रावक समाज के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ। जिसमें श्रावक समाज की उल्लेखनीय उपस्थिति रही और सभी ने कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में सभा अध्यक्ष राजेश बुच्चा, युवक परिषद के पूर्व अध्यक्ष लोकेश सेठिया, अणुव्रत समिति उप मंत्री अनिल श्याम, सुखा मीनाक्षी सेठिया, सुरेंद्र दूगड़, विजय जैन, अणुव्रत समिति के पूर्व अध्यक्ष सिद्धार्थ चिंडालिया, अभय कुमार बोथरा, संरक्षक मंडल कन्हैयालाल सुराणा, सभा के पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल बरड़िया सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## छींपा बने कार्यकारी जिलाध्यक्ष



**नोखा (नवयत्न)।** भारतीय मजदूर संघ बीकानेर की नवीन कार्यसमिति का गठन हुआ। कार्यसमिति में नोखा के विद्युत कर्मचारी नेता नरेंद्र कुमार छींपा को कार्यकारी जिलाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। नरेंद्र कुमार ने प्रदेश भामसं का आभार जताया। इस नियुक्ति पर राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री चुन्नीलाल राजस्थानी, डिस्कॉम उपाध्यक्ष प्रेमसुख बिश्नोई, डिस्कॉम सदस्य भँवरसिंह बीदावत, भीमसेन भाटी, उपखण्ड अध्यक्ष बजरंग खीचड़, महामंत्री धन्नाराम कुलड़िया, ओमप्रकाश साध, मनीष पारीक, महादेव सेन, महेश पारीक आदि ने हर्ष जताया। इस अवसर पर संगठन कार्यालय नोखा में छिंपा का अभिनंदन किया गया।

## सांसद ओला ने सीवरेज के लिए दिए पांच लाख, ग्रामीणों ने जताया आभार

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत मानोता कला के गांव जुझारपुर में सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने सीवरेज के लिए पांच लाख रुपए देने पर ग्रामीणों ने गुड़ बाटकर आभार जताया। पूर्व उपप्रधान अमरसिंह ने बताया कि ग्राम जुझारपुर में करीब डेढ़ किलोमीटर तक की सड़क पर गांव का गंदा पानी जमा हो जाता था, जिससे बीमारी फैलने का डर बना रहता साथ ही आने जाने वालों को भी काफी परेशानी होती है। कई बार दुपहिया वाहन चालक गंदे पानी में फिसलने से घायल भी हो चुके थे। इस संबंध में ग्रामीणों ने अमर सिंह के सानिध्य में सांसद बृजेंद्र ओला से समस्या का समाधान करने की मांग की। सांसद बृजेंद्र ओला ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए सांसद कोटे से 5 लाख रुपए की शिवरेज पाइपलाइन के लिए स्वीकृत करने के लिए जिला कलेक्टर को मेल कर दिया। ग्रामीणों ने सांसद ओला का एवं जिला परिषद सदस्य अमरसिंह गुर्जर का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कृष्ण कुमार, शीशराम, प्यारेलाल जांगिड़ सभा जिला अध्यक्ष, रामजीलाल जागीदार, संतलाल, किशन लाल, सुमेर सिंह लादी, सांवत राम जागीरदार, जय राम भूमला, अशोक राठी, धर्मपाल, लीलू, रामजीलाल मेघवाल, हवासिंह चौधरी, रामशरण, पूर्ण सिंह, रामावतार राठी, हजारी, रामनिवास कसाना, दिलीप कुमार, टिल्लू चौधरी आदि मौजूद थे।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच का किया स्वागत

निसं



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता मुकेश दाधीच को पुन: भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर जयपुर स्थित उनके निवास स्थान पर चिड़ावा भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष शर्मा की अगुवाई में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने दाधीच का माल्यार्पण कर, पारंपरिक राजस्थानी साफा पहनाकर और शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें दोबारा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दी और इसे संगठन की मजबूती के लिए एक सराहनीय कदम बताया। इस अवसर पर चिड़ावा नगरपालिका की पूर्व अध्यक्ष मधु शर्मा, ठेकेदार अमीलाल कटकी सहित कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्वागत के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने दाधीच को चिड़ावा पधारने का न्यौता भी दिया।

न्यौते को स्वीकार करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे जल्द ही चिड़ावा प्रवास का कार्यक्रम बनाएंगे और कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचेंगे।

## टीएलएम सामग्री वितरण से विद्यार्थियों में खुशी की लहर



निसं

**साण्डवा ( नवयत्न )।** पीएमश्री लक्ष्मी नारायण तापड़िया राजकीय उच्च विद्यालय सांडवा के प्रधानाचार्य नरेश कुमार थालौड़ ने बताया स्थानीय विद्यालय के प्राथमिक अनुभाग में पीएमश्री योजनान्तर्गत प्राथमिक शिक्षा में कक्षा 1 से 5 तक के 110 छात्र-छात्राओं को टीएलएम सामग्री का वितरण किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को बैग एवं अन्य कला सामग्री प्रदान की। इस दौरान जयसिंह, पवन कुमार, भवानी शंकर मारू, ईश्वर राम, रामदेवा राम, नेमीचन्द, भंवर लाल, गीता मीणा, मनीराम एंव अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर बैठक आयोजित

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में आथुणा मुरलाई बास में मंगलवार देर रात्रि को मेघवाल समाज भवन में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई । कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि भीम आर्मी के तहसील अध्यक्ष श्रवण बारूपाल, मेघवाल महासभा के अध्यक्ष कालूराम तंवर, युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल, पार्षद मिर्जाराम मेघवाल, सांवरमल मेघवाल, दौलतराम मेघवाल, नर्सिंग स्टाफ चेनरूप भाटिया, पालिका उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश घिंटाला, कालूराम बारूपाल,, डवोकेट जगदीश बालनिया, विकेश पंवार, कालूराम बारूलाल आदि मंचस्थ अतिथि रहे। अतिथियों ने कहा कि उन्होंने दलित समाज से अनुरोध करते हुए कहा कि हम दलित समाज के लोग भारत के संविधान को ही अपना ग्रंथ माने और उसके नक्शे कदम पर चले। समाज को नशे से दूर रहकर शिक्षा के प्रति जागरूक करें ताकि समाज युवा आगे बढ़ सकें उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचारों को जीवन मे उतारे उन्हें कभी किसी को छोटा बढ़ा व जातिवाद नहीं किया शिक्षा के प्रति ही जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि अब समाज को एकजुट रहकर अपनी लड़ाई स्वयं लड़नी पड़ेगी नेता सिर्फ मंच पर बड़ी बड़ी बातें करते हैं धरातल पर इनके द्वारा काम नहीं किया जा रहा है । जल्द ही आने वाले नगर पालिका चुनाव में अपनी पकड़ मजबूत करें। इस अवसर पर मेघवाल समाज सेवा समिति के किशन मेघवाल, हंसराज, हेमराज, तिलोक, सुखाराम, चेतन, बजरंग, राजकुमार, राकेश सहित सैकड़ों की संख्या में व्यक्ति उपस्थित रहे। मंच का संचालन अध्यापक जितुराम मेघवाल ने किया।

## स्वर्णकार समाज की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

### अजमीढ़ महाराज के नाम से स्वर्ण कला बोर्ड गठित करने की मांग

बाबूलाल शर्मा



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान के स्वर्णकार समाज की सामाजिक, आर्थिक एवं कानूनी समस्याओं के समाधान तथा समाज के समग्र उत्थान की मांग को लेकर श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज एवं ज्वैलर्स एसोसिएशन राजस्थान के पदाधिकारियों ने माननीय मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के प्रधान संस्थापक हंसराज कड़ेल की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि स्वर्णकार समाज के हितों की रक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु राज्य सरकार ठोस कदम उठाए। पदाधिकारियों ने बताया कि स्वर्णकार समाज एक प्राचीन, परंपरागत एवं कौशल-आधारित समाज है, जो पीढ़ियों से स्वर्णकारी कार्य के माध्यम से राज्य की अर्थव्यवस्था, संस्कृति एवं रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान देता आ रहा है, इसके बावजूद वर्तमान समय में समाज अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। ज्ञापन में समाज के आदि पुरुष 1008 अजमीढ़ महाराज के नाम से एक स्वतंत्र स्वर्ण कला बोर्ड के गठन की प्रमुख मांग रखी गई, ताकि स्वर्णकारी परंपरा, कारीगरों के हितों एवं रोजगार को संरक्षित एवं प्रोत्साहित किया जा सके। साथ ही शिक्षा को समाज के उत्थान की आधारशिला मानते हुए जिला स्तर पर स्वर्णकार समाज के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि आवंटन की मांग भी की गई। पदाधिकारियों ने बताया कि स्वर्णकार समाज को आज भी राज्य स्तर पर पृथक मान्यता प्राप्त नहीं है, जिससे नीतिगत निर्णयों में समाज की भागीदारी सीमित रहती है। इसके अलावा स्वर्णकारी कार्य को लघु उद्योग का दर्जा नहीं मिलने से कारीगर उद्योग विभाग की योजनाओं, सब्सिडी, ऋण एवं प्रशिक्षण सुविधाओं से वंचित हैं, अत: स्वर्णकारी कार्य को लघु उद्योग घोषित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि स्वर्णकार समाज के व्यापारियों एवं कारीगरों को आईपीसी की धारा 411 एवं नई भारतीय दंड संहिता की धारा 317 के अंतर्गत अनावश्यक कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन धाराओं के दुरुपयोग को रोकने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर समाज को कानूनी सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गई। इसके साथ ही स्वर्णकार कारीगरों के लिए पहचान पत्र एवं सरल पंजीकरण व्यवस्था लागू करने, कार्यस्थल सुरक्षा, स्वास्थ्य व दुर्घटना बीमा, आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण, बिना गारंटी ऋण, कम ब्याज दर पर वित्तीय सहायता तथा युवाओं के लिए कौशल विकास एवं स्वरोजगार योजनाएं शुरू करने की मांग भी रखी गई।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष श्रीराम भामा एवं जयपुर संभाग अध्यक्ष सांवर मल डांवर ने मुख्यमंत्री से स्वर्णकार समाज की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शीघ्र आवश्यक निर्णय एवं कार्यवाही करने का आग्रह किया।

## वांडरऑन को सीरीज ए राउंड में 54 करोड़ फंड हासिल करने में मिली सफलता

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** वांडरऑन तेजी से लोकप्रिय होता भारत का एक्सपीरिएंशियल ट्रैवल ब्रांड है, जिसे जेन जी और मिलेनियल ट्रैवलर्स खासा पसंद करते हैं। यह डीएसजी पार्टनर्स और सीएएएफ से सीरीज ए राउंड में 54 करोड़ फंड हासिल करने में सफल रहा है। यह देश में किसी ट्रैवल और एक्सपीरिएंस कंपनी द्वारा हासिल सर्वाधिक संस्थागत फंड में से एक है। उल्लेखनीय है कि कंपनी बूटस्ट्रैप मॉडल पर पहले ही 100 करोड़ का बिजनेस कर दर्ज कर चुकी है। कोविड के बाद के दौर में कंपनी का कारोबार साल-दर-साल दोगुना हो गया था। कंपनी नई पूंजी के साथ कारोबार फैलाने के अगले दौर में पहुंच गई है। तेजी से बढ़ते इस रुझान पर बात करते हुए वांडरऑन के सीईओ गोविंद गौर ने कहा कि आज ट्रैवल का व्यापक अर्थ है। लोग ऐसे ट्रिप चाहते हैं जहाँ वे समान सोच के ट्रैवलर्स से मिल सकें और खुद को सार्थक अनुभव का हिस्सा मानें। हम ने इसी विश्वास के साथ वांडरऑन बनाया है। यह फंड मिलने से हमारे लिए डेस्टिनेशन, प्रोडक्ट इनोवेशन और टेक्नोलॉजी पर तेजी से काम करना आसान होगा। साथ ही हम जो भी करेंगे उसके केंद्र में एक बेहतर ट्रैवलर एक्सपीरियंस होगा। गोविंद ने यह भी कहा कि हमें अपनी डिजिटल क्षमताएं बढ़ाते हुए देश भर के ट्रैवलर्स तक पहुँचना है। लोगों को बिना किसी परेशानी आदि से अंत तक यात्रा का आनंद देना है। भारत का आउटबाउंड ट्रैवल मार्केट भी तेजी से बढ़ रहा है। वांडरऑन इस बदलाव से उत्साहित है और भारतीय ट्रैवलर्स की नई पीढ़ी को उनकी उम्मीद के अनुसार सेवाएं देने के लिए अपना ग्लोबल पोर्टफोलियो बढ़ा रहा है।

## सशक्त बेटी-समृद्ध भारत पर सेमिनार व मैराथन आयोजित



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आगामी 24 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में एनआईएमएस विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस एवं जनसंचार पत्रकारिता विभाग तथा राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में सशक्त बेटी-समृद्ध भारत विषय पर सेमिनार एवं मैराथन का आयोजन एडवांस में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के सम्मान, शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर समाज में पूर्व जागरूकता उत्पन्न करना रहा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने कीए जबकि मुख्य अतिथि के रूप में एडिशनल एसपी कम्युनिटी पुलिसिंग सुनीता मीणा उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने कहा कि सशक्तिकरण का उत्सव किसी एक दिन का मोहताज नहीं होना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को डिजिटल रूप से जागरूक रहने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर खुद को सशक्त बनाने की अपील की।

### सुरक्षा का लाइव डेमो और राजस्थान पुलिस के नवाचार

मुख्य अतिथि एएसपी सुनीता मीणा ने इस अग्रिम आयोजन की सराहना करते हुए छात्राओं को सुरक्षा के व्यावहारिक गुर सिखाए। उन्होंने निर्भया स्क्वाड की कार्यप्रणाली समझाई और ऑनलाइन हैरेसमेंट से बचने के लिए लाइव डेमो दिया। उन्होंने छात्राओं को राजस्थान पुलिस ऐप इंस्टॉल करवाकर आपातकालीन समय में त्वरित मदद लेने की प्रक्रिया भी समझाई।

### नई शिक्षा नीति पर चर्चा

विशिष्ट अतिथि संगठन सचिव विज्ञान भारती डॉ. मेघेंद्र शर्मा ने बताया कि नई शिक्षा नीति एनईपी 2020 किस तरह बेटियों के भविष्य को संवारने में सहायक है। विश्वविद्यालय के कार्यकारी अध्यक्ष वैश्विक प्रो. संतोष नायर ने कहा कि बालिकाओं को समान अवसर देना ही समृद्ध भारत की असली शुरुआत है।

### मैराथन से भरी हुंकार : दौड़ती बेटियां, बढ़ता भारत

सेमिनार के साथ ही एक विशाल मैराथन का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। 24 जनवरी के उपलक्ष्य में समय से पहले आयोजित इस दौड़ ने पूरे परिसर में जोश भर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. वाइस चांसलर डॉ. सुरेश सोनी ने सभी को शपथ दिलाई कि वे बालिकाओं के मान-सम्मान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

### शिक्षाविद, अधिकारी और छात्र रहे उपस्थित

कार्यक्रम में डॉ. अनुपमा पांडेय, डॉ. सरिका ताखर, डॉ. सुनीत शर्मा, प्रो. मनोज श्रीवास्तव, डॉ. अभिषेक वैष्णव, डॉ. दिव्या पारीक, कुश शर्मा सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियर एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

## पुस्तक विमोचन और साहित्यिक चर्चा 24 को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन की ओर से 24 जनवरी को पाठक पर्व का आयोजन होगा। इसमें पाठकों की ओर से पुस्तकों पर चर्चा की जाएगी और पुस्तक का विमोचन भी होगा। यह आयोजन झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति के सभागार में होगा। फाउंडर प्रमोद शर्मा ने बताया कि दोपहर 3 बजे प्रारंभ होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग रहेंगे। पाठक पर्व की शुरुआत में राव शिवराज पाल सिंह की सद्य प्रकाशित पुस्तक मरुधरा के प्रेरणा पुंज (ऐतिहासिक चरित्रों की गाथा) का विमोचन किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के मीडिया सलाहकार अशोक टंडन की पुस्तक अटल संस्मरण पर विचार विमर्श होगा। इसी तरह दूसरी पुस्तक आँखों देखा गदर 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का एक मार्मिक और जीवंत संस्मरण है। जिसे मूल रूप से माझा प्रवास नाम से विष्णु भट्ट गोडसे ने मराठी में लिखा था और जिसका प्रसिद्ध हिन्दी लेखक अमृतलाल नागर ने सरल और सटीक अनुवाद किया है। इस पुस्तक पर पाठक वक्ता के तौर पर अभिलाषा पारीक और देवेश कुमार शर्मा चर्चा करेंगे।

## विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** शिवाजी बस्ती स्थित हनुमान मंदिर में विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आयोजक समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 8 फरवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों पर की चर्चा की गई। बैठक में संरक्षक सुल्तान जांगिड़ एवं अध्यक्ष सुल्तान पूनियां के निर्देशन में सम्मेलन की व्यवस्थाओं को सूचारू रूप से संचालित करने के लिए विभिन्न उप-समितियों का गठन किया गया तथा उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में शिवाजी बस्ती के संत-महात्मा, गणमान्य नागरिक एवं समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## योगेश का जिला स्तर पर प्रथम स्थान

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तारानगर के विद्यार्थी योगेश सैनी ने जिला स्तरीय स्किल एग्जिबिशन व्यावसायिक शिक्षा (कृषि सेक्टर) में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही राज्य स्तर के लिए भी चयन किया गया है। प्रधानाचार्य निर्मल कुमार छिंपा ने बताया कि छात्र योगेश ने विद्यालय के कृषि व्याख्याता विजय गोदारा के मार्गदर्शन मे जैव उत्पाद मॉडल बनाया जो प्रथम रहा। जैविक खेती के लिए विद्यालय स्तर पर एक अनूठी पहल है। गत वर्ष में भी उनके मार्गदर्शन से बना कृषि मॉडल राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान पर रहा था।फोओ-12

# संत पुष्कर नाथ महाराज के आशीर्वाद से सारे मंगल कार्य हो रहे हैं : रिणवा

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर कस्बे में श्री राजलदेसर गौशाला के पास भोला बाबा बगीची में महान तपस्वी संत पुष्कर नाथ महाराज की 20 वी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा एवं पंच कुंडीय रुद्र अन्नपूर्णा महायज्ञ का आयोजन बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। बगीची के महंत सोमनाथ महाराज संत सुरजीत नाथ महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम संपन्न हो रहा है जिसमें कथावाचक पंडित केदार जोशी ने कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का हुआ। भागवत कथा के व्यास पीठ पर कथावाचक पंडित केदार जोशी ने पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पंच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत, भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है। वह भव पार होजाता है। उसे वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती हैं। महाराज ने कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंसवध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, उद्धव-गोपी संवाद, द्वारका की स्थापना, रुक्मणी विवाहके प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया। आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति आवश्यक हैं। भगवत प्राप्ति के लिए निश्चय और परिश्रम भी जरूरी हैं। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। उन्होंने कहा कि जो भक्त पप्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हल हो जाती है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भोला बाबा की बगीची में ऐसे संत महात्माओं ने तपस्या की है जिनके आशीर्वाद से लगातार यहां पर धार्मिक आयोजन होते आ रहे हैं साथ ही उन्होंने महंत सोमनाथ महाराज के बारे में कहा जिन्होंने चार धाम पैदल यात्रा एवं एक रुपए के भी हाथ नहीं लगते कैसे संत का आशीर्वाद लेने से सारे संकट दूर होते हैं उन्होंने विशेष कर मतों से कहा इस कथा को सुनकर विशेष कर अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें साथ ही बेटियों को भी अच्छे संस्कार आजकल जो भी हो रहा है बच्चों के साथ अच्छा नहीं हो रहा इसके लिए अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देना है। कथा में संत प्रेमनाथ, संत काननाथ, संत मनोहर नाथ, हंसो जी धाम लिखमादेसर महंत भंवरनाथ ज्याणी, मुख्य यजमान कथा के गिदाराम सुथार, भीकमचंद सुथार, हनुमानमल कांकरीवाल, वीरेंद्र लाटा, भवानी सैनी, मुरारी प्रजापत, भगवानदास स्वामी, श्याम सुंदर सैनी, लालदास स्वामी, रामनिवास स्वामी, जयचंद तिवाड़ी, बाबुलाल तिवाड़ी, पूर्णमल लोमहरोड, भाजपा मण्डल अध्यक्ष विष्णु प्रजापत सहित अनेक भक्तों ने पूजा अर्चना की।

## बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** चाईल्ड हेल्पलाइन सीकर के जिला समन्वयक राहुल दानोदिया ने बताया बाल अधिकारिता विभाग सीकर की सहायक निदेशक डॉ. गार्गी शर्मा के निर्देशन में मदरसा तालीमुल कुरआन मीडिल स्कूल के बच्चों के साथ, बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यकम किया गया जिसमें बाल विवाह से बच्चों के शारीरिक, व मानसिक विकास पर पड़ने वाले प्रभावों से अवगत करवाया गया। बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे मे जानकारी दी गई और बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई। बाल विवाह में शामिल होने वाले हलवाई, पड़ित, फोटोग्राफर, बाराती, टेंटवाला, डी. जे. वाला एवं बाल विवाह में भागीदारी लेने वाले सभी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 में 2 साल की सजा का प्रावधान है, अगर कही भी बाल विवाह होता दिखाई दे तो इसकी सुचना तुरंत जिला प्रशासन या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दे, बाल विवाह सुचना देने वालो की पहचान उजागर नही की जाती है। स्कूल के बच्चो को प्लैगिंक अपराधो से बच्चो का संरक्षण अधिनियम 2012 व गुड टच व बैड टच के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मदरसा के प्रधानाध्यापक मोहम्मद खालीद चौहान, ने चाईल्ड हेल्पलाइन की सेवाओ की सराहना की और बच्चों एवं अध्यापकों से आग्रह किया की आपके आस-पास कही भी बाल विवाह होने की जानकारी मिले या बाल विवाह होता दिखाई दे तो तुरंत इसकी सुचना जिला प्रशासन या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दें। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त शिक्षा अनुदेशक व चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 टीम से सुपरवाजर सुनिताए व कृष्णकांत मोजुद रहें।

## गरीब व जरूरतमंद लोगों को बाटे कंबल व भोजन



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** ढाणी पोलादास वाली के रामपाल सैनी की धर्मपत्नी तारा देवी सैनी की 5वीं पुण्यतिथि पर 250 गरीब व जरूरतमंद लोगों को खाना व कम्बल वितरित किया गया। जिसमें परिवारजन व मित्रगण शामिल हुए। सुनील सैनी ने बताया कि 100 खाने के पैकेट व सौ कंबल नीमकाथाना अपना घर आश्रम में व करीब डेढ़ सौ खाने के पैकेट व 150 कंबल एफसीआई गोदाम, नांगल भीम व श्रीमाधोपुर स्टेशन पर बाटे है। इस मौके पर रामपाल सैनी, हरिनारायण सैनी, हीरालाल सैनी, बनवारी सैनी, सुनील कुमार, अजय कुमार, रमेश कुमार, प्रमोद बाबू ढ़ाणी पोलादास सहित कई लोग मौजूद थे।

## आधुनिक उपकरणों से भौगोलिक सर्वेक्षण सम्पन्न

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे के महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा ग्राम पंचायत ढाल्यावास में एक महत्वपूर्ण भौगोलिक सर्वेक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। इस सर्वेक्षण में डंपी लेवल, थियोडोलाइट, प्लेन टेबल एवं प्रिज़्मेटिक कम्पास जैसे आधुनिक सर्वेक्षण उपकरणों का उपयोग किया गया। यह सर्वेक्षण महाविद्यालय के सहायक आचार्य विजेंद्र कुमार एवं शिव प्रसाद यादव के कुशल मार्गदर्शन एवं सानिध्य में कराया गया, जिसमें भूगोल विषय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सर्वेक्षण के दौरान विद्यार्थियों को क्षेत्रीय सर्वेक्षण की व्यावहारिक जानकारी दी गई, जिससे उनके शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ तकनीकी दक्षता में भी वृद्धि हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वीके सैनी ने भूगोल विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के फील्ड सर्वे विद्यार्थियों को वास्तविक परिस्थितियों में कार्य करने का अनुभव प्रदान करते हैं, जो उनके भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। इस सफल सर्वेक्षण से महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण एवं व्यवहारिक शिक्षा के प्रति सतत प्रयासों की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

# बंद रास्ते का निरीक्षण करने गए कर्मचारियों के साथ मारपीट का प्रयास

### एसडीएम को ज्ञापन देकर की कार्रवाई की मांग

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के सेफरागुवार में बंद रास्ते का निरीक्षण करने गए राजस्व कर्मचारियों के साथ मारपीट के प्रयास व गाली गलौज करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में बुधवार को कर्मचारियों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम सुनील कुमार चौहान को दिए ज्ञापन में बताया कि तहसीलदार व नायब तहसीलदार के निर्देश पर मंगलवार को भू-अभिलेख निरीक्षक छितरमल व पटवारी हरपाल सिंह सेफरागुवार के ढाणी बुडानिया में पहुंचकर बंद रास्ते का अवलोकन करने गए थे। रास्ता बंद करने वाले अंतर सिंह से कारण जानने का प्रयास किया तो उसने फोन नहीं उठाया। इस दौरान मौके की स्थिति से तहसीलदार को अवगत करवाया गया। इस दौरान पंकज पत्नी अंतर सिंह, मंजु देवी, महेश कुमार, मुकेश, विकास, सुनील व 5-6 अन्य लोग मौके पर पहुंचे। गाली गलौज करते हुए पत्थरों से मारने का प्रयास किया। इस दौरान रिकार्ड भी छिन लिया गया। कर्मचारियों के साथ हुई घटना से अन्य कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि राजस्व कर्मचारियों द्वारा अपनी निष्ठा से कार्य करने के बावजूद भी आए दिन इस प्रकार की घटनाएं घटित हो रही है। जिससे कर्मचारियों में भय का माहौल बना हुआ है। इस दौरान उन्होंने वारदात करने वालों को जल्द गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि वारदात करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो उच्च अधिकारियों के आदेशों की पालना नहीं की जाएगी। इस मौके पर पटवार संघ अध्यक्ष घनश्याम सिंह, रेणू मीणा, अमित, प्रिंस कुमार शर्मा पटवारी, रमेश सैनी पटवारी, अशोक कुमार पटवारी, अमित कुमार पटवारी, हरपाल पटवारी, छीतरमल गिरदावर, सुरजाराम गिरदावर, राकेश कुमार गिरदावर सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## अस्पताल में साफ-सफाई, उपचार व सुरक्षा का हो सुव्यवस्थित प्रबंधन : सुराणा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा बुधवार सवेरे जिला मुख्यालय स्थित राजकीय डीबी जनरल अस्पताल में शॉर्ट सर्किट की सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थितियों का जायजा लिया। इस दौरान मौजूद कार्मिकों की सतर्कता से बड़ा हादसा टला और किसी प्रकार की हानि नहीं हुई। डीबीएम के एमसीएच विंग में पीकू वार्ड में शॉर्ट सर्किट होने की स्थिति पर विभागीय कार्मिकों की तत्परता एवं मुस्तैदी से तुरंत नियंत्रण पाया, जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि या बड़ा हादसा होने से बचाव हो सका। मौके पर पहुंचकर जिला कलक्टर सुराणा ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण कर विद्युत व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा एवं मरीजों की सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भविष्य में किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं होने के लिए विद्युत उपकरणों की नियमित जांच, सुरक्षा मानकों के पालन एवं आवश्यक एहतियाती उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था का अवलोकन कर कहा कि अस्पताल में सफाई व्यवस्था माकूल रखें। अस्पताल जैसी संवेदनशील जगह पर साफसफाई, सुरक्षा और सुव्यवस्थित प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण मिल सके। इस मौके पर उन्होंने अस्पताल में आपातकालीन सुविधा, ओपीडीए आईपीडी वार्ड, एमसीएच विंग, पीकू वार्ड, प्रसूति कक्ष, दवा वितरण काउंटर सहित अन्य उपचार इकाइयों का भी निरीक्षण किया और समुचित निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों और उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न होए इसके लिए व्यवस्थाएं और सुदृढ़ करें। मरीजों व उनके परिजनों के बैठने के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था की जाए तथा दवा व जांच की समयबद्ध उपलब्ध सुनिश्चित हो। जिला कलक्टर ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य और अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं व उपचार आदि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. दीपक चौधरी, डॉ. इकराम हुसैन सहित अन्य मौजूद रहे।

## पेंशन के लिए आवेदन शिविर कल

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत पेंशन के लिए 23 जनवरी को रतनगढ़ नगरपालिका सभागार में आवेदन शिविर आयोजित किया जाएगा। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक गणपत राम चौधरी ने बताया कि योजना अंतर्गत आवेदक प्रतिमाह 03 हजार रुपए का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना में लाभार्थी अपने नजदीकी ई-मित्र केंद्र से या जिले के रतनगढ़ नगर पालिका सभागार में 23 जनवरी, 2026 को आयोजित विशेष शिविर में उपस्थित होकर पंजीकरण करवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि वित्त विभाग ने श्रमिकों, पथ विक्रेताओं एवं लोक कलाकार को संबल प्रदान करने के लिए 26 नवम्बर, 2024 को योजना लागू की थी। योजना का लाभ लेने के लिए 60 वर्ष की आयु तक प्रतिमाह 100 रुपए अंशदान राशि जमा करवानी होगी। तीन साल की अवधि अथवा 60 वर्ष की आयु से पहले इस योजना से बाहर निकलने वालों को सेविंग बचत खाता के समान ब्याज सहित जमा राशि लौटाई जा सकेगी। अंशदान देने वालों को राज्य सरकार द्वारा 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 3 तीन हजार प्रतिमाह देय होंगे। यह पेंशन वृद्धावस्था एवं विकलांग पेंशन के अतिरिक्त होगी। पेंशन प्राप्त करने के दौरान यदि किसी पेंशनर की मृत्यु हो जाती है तो उसके पति या पत्नी को अभिदाता की पेंशन का अधिकतम 50 प्रतिशत, पारिवारिक पेंशन का लाभ मिलेगा।

### यह दस्तावेज होंगे जरूरी

उन्होंने बताया कि आवेदक की आयु 41 से 45 वर्ष, राजस्थान का मूल निवासी होना आवश्यक है। इसी के साथ मासिक आय 15 हजार से अधिक ना हो। बैंक में अपने नाम से बैंक बचत खाता, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड तथा केन्द्र सरकार के पोर्टल ई-श्रम से प्राप्त रजिस्ट्रेशन संख्या होना आवश्यक है।

## मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि हस्तांतरण जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि हस्तांतरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम गुरूवार को दोपहर 12 बजे जिला परिषद सभागार में आयोजित होगा । इस दौरान सिरोही से राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए सीधा प्रसारण होगा । जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से किसान उत्थान की दिशा में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत पात्र किसानों को प्रति वर्ष तीन हजार रूपए की राशि देने की घोषणा की गई थी । इस योजना की पांचवी किश्त के रूप में एक हजार रुपए का हस्तांतरण मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरूवार को दोपहर 12 बजे अरविंद पैवेलियन स्टेडियम, जिला सिरोही में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लाभार्थी किसानों से संवाद भी करेंगे ।

## गो विज्ञान अनुसंधान एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** गो विज्ञान अनुसंधान एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा-2025 के जिला संयोजक तथा पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गोकुलपुरा के प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि गौ सेवा गतिविधि जयपुर प्रांत द्वारा इस परीक्षा का आयोजन प्राथमिक, माध्यमिक एवं महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों के लिए किया जाता है। इस का मुख्य उद्देश्य गायों के महत्व, संरक्षण और भारतीय संस्कृति में उनकी भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। परीक्षा से विद्यार्थियों के माध्यम से गौधन आधारित जीवनशैली, संस्कृति और पंचगव्य के वैज्ञानिक पहलुओं को भी बढ़ावा मिलता है। सीकर जिले से पंजीकृत चार हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने उत्साह के साथ परीक्षा दी। जिले के 6 उपखंडों के 62 केंद्र शांतिपूर्वक परीक्षा का आयोजन किया गया।


### आम सूचना

मेरे पुत्र रामस्वरूप के नाम से एक दुपहिया वाहन TVS SPORTS ELS है जिसके नं. RJ 18 MS 4842 है। जिसका देहान्त दिनांक 08-05-2025 को हो चुका है। मैं उक्त वाहन को अपने नाम से ट्रांसफर करवाना चाहता हूँ यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति परिवहन विभाग, झुन्झुनू में 7 दिवस में दर्ज करवा सकते हैं।

**राजेन्द्र प्रसाद सैनी पुत्र भोला राम सैनी**
**निवासी-वार्ड सं. 5, सैनीपुरा, बड़ागांव, झुन्झुनू हाल निवास विमल ढलाई खाने के सामने, जवाहर कॉलोनी, परवतपुरा, माखुपुरा, अजमेर, राजस्थान।**

### कार्यालय नगर परिषद, सीकर
Add:- Salasar Bus Stand Sikar Pin 332001
Email:- sikarulb.jaipur@gmail.com

No. :- F.15( )/MCS/DEV/2025-26/141 Date: 19 /01 / 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना 32/2025-26**

Bids for Civil Works in (total works - 01) Municipal Council, Sikar of subject metters are invited from intrested bidders up to 23.01.2026 at 03:00 PM. Other Particulars of the bid may be visited on the portal http://sppp.rajasthan.gov.in of the state.

NIB CODE :- DLB2526B0501

| S.NO. | UBN NO. |
|---|---|
| 1 | DLB2526SSOB31247 |

आयुक्त
नगर परिषद, सीकर

राज.संवाद/सी/25/18190

### कार्यालय नगरपालिका खाटूश्यामजी जिला-सीकर
khatushyamji.jaipur@gmail.com

क्रमांक :-नपाखा/2026/208 दिनांक : 15.01.2026

**निविदा सूचना - NIB-3/2025-26**

नगरपालिका खाटूश्यामजी द्वारा संवेदकों/संस्थाओं को सूचित किया जाता हैं कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये विभिन्न कार्यो हेतु ऑफलाईन निविदा दिनांक 15.01.2026 से 22.01.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबधित सभी विवरण व शर्ते कार्यालय समय तथा वेबसाईट http:www.sppp.rajasthan.gov.in व पर देखी जा सकती है।

NIB Code :- DLB2526B0351
UBN:- DLB2526WSOB30618,19,21

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका खाटूश्यामजी

राज.संवाद/सी/25/18050

## सम्पादकीय

### हदें पार करते ट्रंप, बचकानी हरकतों से उनके साथ-साथ अमेरिका की भी हो रही फजीहत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अराजक व्यवहार अपनी हदें पर करता जा रहा है। अपनी बचकानी हरकतों के साथ वे ऐसी टिप्पणियां भी कर रहे हैं, जो उनके साथ-साथ अमेरिका की भी फजीहत का कारण बन रही हैं। वे पूरी दुनिया और यहां तक कि अपने मित्र राष्ट्रों के बीच भी आलोचना, निंदा और उपहास का पात्र बन गए हैं। इसके बावजूद उनके विचित्र व्यवहार पर कोई लगाम लगती नहीं दिख रही है। पिछले दिनों उन्होंने नार्वे के प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि आठ से अधिक युद्ध रोकने पर भी उन्हें नोबेल पुरस्कार नहीं दिया गया, इसलिए अब शांति उनकी जिम्मेदारी नहीं। नोबेल शांति पुरस्कार नार्वे की संसद की ओर से नियुक्त समिति की ओर से दिया जाता है। इसका यह मतलब नहीं कि नार्वे सरकार जिसे चाहे, उसे यह पुरस्कार दे दे, लेकिन भला ट्रंप को इस सबसे क्या मतलब?

वे नोबेल शांति पुरस्कार पाने के पहले भी अधिकारी नहीं थे और वेनेजुएला पर हमला करके उसके राष्ट्रपति का अपहरण करने के बाद तो वे इस पुरस्कार के लिए पूरी तौर पर अयोग्य हो गए हैं। उन्हें केवल वेनेजुएला पर हमला करने से ही चैन नहीं मिला। सैन्य दृष्टि से इस कमजोर देश पर हमला कर वहां कठपुतली सरकार कायम करने के बाद वे शर्म-संकोच और अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों को धता बताकर डेनमार्क के स्वायत्तशासी क्षेत्र ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए उतावले हो उठे हैं। इसके लिए वे यूरोपीय देशों को धमकाने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। वे उन पर टैरिफ लगाने और ग्रीनलैंड को हासिल न करने तक उसे बढ़ाते जाने की धमकी दे रहे हैं। एक समय अमेरिकी राष्ट्रपति दुनिया के दारोगा की तरह व्यवहार किया करते थे। ट्रंप उनसे आगे निकलकर बिगड़ैल और अहंकारी दारोगा की तरह व्यवहार कर रहे हैं। गत दिवस उन्होंने अपने कक्ष की एक फोटो जारी की, जिसकी दीवार पर लगे मानचित्र में वेनेजुएला और ग्रीनलैंड के साथ कनाडा को भी अमेरिकी क्षेत्र में दिखाया गया। इसे छिछलेपन की पराकाष्ठा ही कहा जाएगा। पिछले दिनों उन्होंने फलस्तीनी क्षेत्र गाजा के लिए एक योजना पेश की। इसके लिए उन्होंने जिस शांति निकाय को गठित किया, उसमें भारत समेत कई देशों को शामिल होने का निमंत्रण दिया। जब फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने इसका सदस्य बनने से इन्कार किया तो उन्होंने फ्रांस से आयात होने वाली वाइन और शैंपेन पर 200 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दे दी। उनकी टैरिफ नीति से भारत समेत दुनिया के अधिकांश देश पीड़ित है। अब जब यह स्पष्ट है कि ट्रंप की मनमानी थमने वाली नहीं, तब फिर विश्व के प्रमुख राष्ट्रों के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह उनकी दादागीरी का मिलकर सामना करने के लिए एकजुट हों। इसके अलावा और कोई उपाय नहीं।

## विशेष आलेख

# चीन के साथ मिलकर भारत विरोधी चाल चल रहे बांग्लादेश को ट्रंप ने लगाया डंडा




दक्षिण एशिया की राजनीति इस समय दो परतों में खदबदा रही है। एक परत में बांग्लादेश की नीतियां हैं जो धीरे धीरे चीन को भारत की सबसे संवेदनशील भौगोलिक नस के पास लाने की कोशिश करती दिख रही हैं। दूसरी परत में अमेरिका का वह सख्त फैसला है जिसने एक झटके में ढाका को उसकी वास्तविक हैसियत का आईना दिखा दिया है। हम आपको बता दें कि अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार बांग्लादेश उन 38 देशों की सूची में डाल दिया गया है जिनके नागरिकों को अमेरिका जाने के लिए अब क्क्ष2 वीजा पर भारी वीजा बॉन्ड देना पड़ सकता है। यह नियम 21 जनवरी 2026 से लागू होगा। बांग्लादेशी नागरिकों को व्यापार और पर्यटन के लिए अमेरिका जाने से पहले वीजा स्वीकृत होने के बाद पांच हजार, दस हजार या पंद्रह हजार डॉलर तक का बॉन्ड जमा करना पड़ सकता है। यह राशि किसी स्वचालित नियम से नहीं बल्कि दूतावास के कांसुलर अधिकारी के विवेक से तय होगी।

अमेरिकी दूतावास ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि कोई भी आवेदक साक्षात्कार से पहले एक भी डॉलर जमा न करे। पहले भुगतान करने से वीजा मिलने की कोई गारंटी नहीं है और तीसरे पक्ष की वेबसाइटें ठगी का जरिया हो सकती हैं। बॉन्ड केवल तभी जमा होगा जब वीजा स्वीकृत हो जाएगा और वह भी अमेरिका सरकार की आधिकारिक भुगतान प्रणाली के जरिये। नियम तोड़ने पर बॉन्ड जब्त हो जाएगा जबकि समय पर अमेरिका छोड़ने या यात्रा ही न करने की स्थिति में यह राशि वापस मिल सकती है। देखा जाये तो यह फैसला केवल तकनीकी वीजा सुधार नहीं है। यह एक सख्त राजनीतिक संकेत है। अमेरिका साफ कर रहा है कि जिन देशों से अवैध प्रवास या नियम उल्लंघन का खतरा अधिक है उन्हें अब आसान पहुंच नहीं मिलेगी। बांग्लादेश को इस सूची में डालना उसके अंतरराष्ट्रीय व्यवहार पर सीधी टिप्पणी है।

इसी समय दूसरी तस्वीर और भी चिंताजनक है। भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में खटास के बीच चीन के राजदूत ने तीस्ता नदी परियोजना क्षेत्र का दौरा किया जो भारत के चिकन नेक के बेहद करीब है। यह वही संकरा भूभाग है जो भारत के मुख्य भूभाग को उसके पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ता है। तीस्ता नदी प्रबंधन और पुनर्स्थापन परियोजना के नाम पर चीनी मौजूदगी इस क्षेत्र में केवल विकास सहयोग नहीं कही जा सकती।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार और उसके प्रमुख सलाहकार पहले ही चीन के साथ गहरी साझेदारी के संकेत दे चुके हैं। बीते वर्षों में चीन ने बंदरगाह, सड़क, ऊर्जा और अब जल प्रबंधन तक अपनी पहुंच बढ़ाने की रणनीति अपनाई है। तीस्ता परियोजना में चीनी तकनीकी आकलन भारत के लिए एक सामरिक चेतावनी है क्योंकि जल संसाधन और सीमावर्ती बुनियादी ढांचा सीधे सुरक्षा से जुड़े होते हैं। इस प्रकार एक ओर ढाका बीजिंग को भारत की सबसे संवेदनशील नस के पास लाने की कोशिश करता दिख रहा है तो दूसरी ओर वाशिंगटन उसके लिए दरवाजे सख्त करता जा रहा है।

वैसे देखा जाये तो बांग्लादेश इस समय एक खतरनाक भ्रम में जी रहा है। उसे लग रहा है कि वह चीन की गोद में बैठकर क्षेत्रीय ताकत बन जाएगा और भारत पर दबाव बना सकेगा। चिकन नेक के पास चीनी गतिविधियों को न्यूनतम बताना या केवल तकनीकी सहयोग कहना अपने आप को धोखा देना है। यह वही इलाका है जहां एक छोटी-सी अस्थिरता भारत के पूर्वोत्तर को शेष देश से काट सकती है। ऐसे में चीन की मौजूदगी केवल बांग्लादेश की विकास जरूरत नहीं बल्कि एक सुनियोजित भू रणनीतिक चाल है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय राजनीति भावनाओं से नहीं चलती। यहां हिसाब किताब ताकत और भरोसे का होता है। बांग्लादेश ने यह मान लिया था कि पश्चिम खासकर अमेरिका उसकी हर हरकत को नजरअंदाज करता रहेगा। यहीं सबसे बड़ी भूल हुई। डोनाल्ड ट्रंप की नीति शैली में न तो कूटनीतिक मुलायमियत है और न ही दिखावटी सहानुभूति। वीजा बॉन्ड का फैसला सीधे शब्दों में यह बताता है कि बांग्लादेश अब भरोसेमंद श्रेणी में नहीं रहा।

यह फैसला प्रतीकात्मक से कहीं अधिक है। यह बांग्लादेशी मध्यम वर्ग, उच्च वर्ग और व्यापारिक तबके को सीधा आर्थिक झटका है। अमेरिका जाना अब केवल इच्छा नहीं बल्कि क्षमता का प्रश्न बन गया है। यह एक तरह का अनुशासनात्मक कदम है जो बताता है कि नियम तोड़ने की कीमत चुकानी होगी। सामरिक दृष्टि से यह घटनाक्रम भारत के लिए भी महत्वपूर्ण संकेत देता है। अमेरिका का यह रुख बताता है कि वह क्षेत्र में गैर जिम्मेदार व्यवहार को लेकर आंख मूंदे नहीं बैठा है। चीन के साथ जरूरत से ज्यादा नजदीकी और आंतरिक अस्थिरता का मिश्रण किसी भी देश को वैश्विक संदेह के घेरे में ला सकता है। बांग्लादेश इसका ताजा उदाहरण है।

ढाका को यह समझना होगा कि भारत के साथ टकराव और चीन पर अत्यधिक निर्भरता उसे किसी सुरक्षित भविष्य की ओर नहीं ले जाएगी। उलटे वह ऐसी स्थिति में फंस सकता है जहां न तो पश्चिम भरोसा करेगा और न ही चीन किसी संकट में वास्तविक सहारा बनेगा। इतिहास गवाह है कि बीजिंग अपने हित साधता है स्थायी दोस्ती नहीं निभाता।

बहरहाल, वीजा बॉन्ड का यह फैसला केवल कागजी नियम नहीं बल्कि एक चेतावनी है। यह चेतावनी है कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में शरारतपूर्ण संतुलन साधने की कोशिशें अंततः भारी पड़ती हैं। बांग्लादेश को अपनी औकात और विकल्प दोनों पर गंभीर पुनर्विचार करना होगा। वरना चिकन नेक के पास खेली गई चालें और वाशिंगटन से मिला झटका मिलकर उसे ऐसे मोड़ पर ले जा सकते हैं जहां से वापसी आसान नहीं होगी।

## ट्रंप के रवैये से त्रस्त दुनिया, परंपराओं को कर रहे दरकिनार

मेरिकी राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल को एक साल बीत गया है। इस एक वर्ष के दौरान उन्होंने अपनी नाटकीय नीतियों से वैश्विक ढांचे की दशा-दिशा ही बदल दी है। यहां तक कि अमेरिका के पारंपरिक सहयोगी भी उनके अप्रत्याशित रवैये से कुछ परेशान हो चुके हैं। महीनों तक नोबेल शांति पुरस्कार के लिए खुद ही अपनी पैरवी करते रहे ट्रंप ने नव वर्ष की शुरुआत में ही नए तेवर अपना लिए।

तीन जनवरी को वेनेजुएला में महज कुछ घंटों के दौरान ही सत्ता पलट करने में सफल रहे ट्रंप उसके बाद ईरान और ग्रीनलैंड को लेकर आक्रामकता दिखाने लगे। बीते दिनों ईरान में अनियंत्रित हुए विरोध-प्रदर्शनों के निर्ममता से दमन को लेकर भी उन्होंने चेताया कि अगर सत्ता ने अपना शिकंजा और कड़ा किया तो वे कोई कड़ा कदम उठाने से संकोच नहीं करेंगे। जब हजारों की तादाद में प्रदर्शनकारियों के मारे जाने की खबरें आईं तो ट्रंप ने कहा कि अमेरिका कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है और ईरान को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। इसके लिए उन्होंने पिछले साल ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाने का उदाहरण भी सामने रखा। ईरानी सत्ता प्रतिष्ठान ने प्रदर्शनकारियों की हत्या और गिरफ्तार लोगों को फांसी दिए जाने जैसे आरोपों से इन्कार किया है और ट्रंप ने भी अपने निजी सूत्रों का हवाला दिया कि ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। यह बात अलग है कि ईरान में जिन लोगों एवं संस्थाओं पर प्रदर्शनकारियों के दमन और विदेशी बाजार में तेल की कालाबाजारी के आरोप हैं, उन पर ट्रंप प्रशासन ने नए सिरे से और कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। इतना ही नहीं, ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाकर भी उन्होंने ईरान और उसके सहयोगियों को कड़ा संदेश दिया।

ईरान से इतर ग्रीनलैंड का मामला ट्रंप के नजरिये से कहीं अधिक महत्वपूर्ण दिख रहा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि इसमें उन्हीं देशों का अमेरिका के साथ टकराव बढ़ता दिख रहा है, जो द्वितीय महायुद्ध के बाद से ही अमेरिका के घनिष्ठ मित्र रहे हैं।

## स्वास्थ्य समाचार

# स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं कद्दू के बीज

कद्दू के बीज का सेवन करने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। कद्दू के बीज से लेकर सब्जी तक सभी का सेवन फायदेमंद होता है लेकिन क्या आपको पता है कि स्किन के लिए भी कद्दू के बीज काफी फायदेमंद होते हैं। यह आपको अंदर से खूबसूरत बनाने में मदद करता है। इसके बीज त्वचा को हाइड्रेट करने के साथ-साथ त्वचा की मरम्मत करने में भी मदद करते हैं। इतना ही नहीं कद्दू के बीज में पाए जाने वाले एंजाइम, विटामिन और अल्फा हाइड्रोक्सी एसिड होते हैं, जो डेड स्किन सेल्स को खत्म कर सकता है। इससे नए सेल्स बनने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। यह आपकी स्किन को स्मूदनिंग और ब्राइटनिंग बनाता है, जिससे त्वचा में निखार आता है। अगर आप भी अपनी स्किन में अंदर से निखार लाना चाहते हैं, तो कद्दू के बीज का इस्तेमाल जरूर करें। इससे आपको काफी लाभ मिलता है।



**झुर्रियां कम करे :** स्किन का अच्छे से ख्याल न रखने पर आपकी स्किन में जल्दी झुर्रियां और फाइन लाइन्स आने लगते हैं। त्वचा में कसाव लाने के लिए आप कद्दू के बीज का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें पाए जाने वाले एंजाइम और अल्फा हाइड्रोक्सी एसिड आपकी स्किन का ढीलापन दूर करने में मदद करते हैं। यह आपकी सेल्स को जल्दी टर्नओवर करने में मदद करता है। इससे आपका चेहरा इतना सुंदर और चमकदार दिखाई देता है।

**कैसे करें इस्तेमाल :** झुर्रियों से छुटकारा पाने के लिए आप कद्दू के बीज के फेसमास्क बना सकते हैं। इसके लिए आप कद्दू के बीज एक चम्मच, एक चम्मच हल्दी पाउडर और एक छोटा चम्मच शहद मिलाकर एक अच्छा मिश्रण तैयार कर लें। इस मिश्रण को अच्छे से अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं और 15 मिनट बाद इसे धो लें।

**मुहांसों को ठीक करना :** कद्दू के बीज न केवल आपकी त्वचा में निखार लाते हैं बल्कि कील-मुहांसों को भी दूर करने में मदद करता है। इसमें भरपूर मात्रा में जिंक पाया जाता है, जो सीबम प्रोडक्शन को कंट्रोल करता है। इससे आपके मुहांसे जल्दी ठीक हो सकते हैं।

**कैसे करें इस्तेमाल:** इसके लिए आप कद्दू के बीच और गुलाब जल का पेस्ट मिलाकर चेहरे पर लगा सकते हैं। साथ ही इस पेस्ट को मुहांसे पर भी लगा सकते हैं, जिससे वह जल्दी ठीक हो सकते हैं। फिर इसे 10 मिनट बाद धो लें और त्वचा क्लीयर नजर आती है।

**त्वचा की रंगत में सुधार :** कद्दू के बीज में विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसमें बीटा केरोटीन होता है, जो सूर्य की हानिकारक किरणों से डैमेज हुई स्किन को दूर करने और त्वचा की बनावट को सही करने में मदद करता है। इससे आपकी त्वचा टोन होती है और लचीलापन भी आता है। साथ ही इससे स्किन खूबसूरत नजर आती है।

**कैसे करें इस्तेमाल :** कद्दू के बीज को आप मॉइश्चराइजर की तरह भी आप इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप कद्दू के बीज पीसकर, नारियल तेल और दालचीनी मिलाकर एक पैक तैयार कर लें। फिर इस पैक का इस्तेमाल करें।

### दाग-धब्बे कम करे

चेहरे के ब्लैक स्पॉट्स आपके चेहरे की खूबसूरती को खराब कर सकते हैं। इसे छिपाने के लिए हम कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं लेकिन इससे आपको दाग-धब्बों से निजात नहीं मिलती है। लेकिन इसके लिए आप कद्दू के बीज का उपयोग काफी फायदेमंद होता है। इससे आप प्राकृतिक रूप से अपने मुहांसों के दाग-धब्बों को दूर कर सकते हैं।

### कैसे करें इस्तेमाल

डार्क स्पॉट्स ठीक करने के लिए आप एक चम्मच कद्दू के बीज, एक चम्मच शहद, एक चम्मच नींबू रस और विटामिन ई ऑयल मिलाकर एक अच्छा फेसपैक तैयार कर लें। इस मिश्रण को चेहरे पर 15 मिनट के लिए सूखने दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें।

### स्किन का पीएच स्तर बनाए रखे

कद्दू के बीजों को अल्काइन फार्मिंग में गिना जाता है, जो स्किन के पीएच स्तर को बनाए रखता है। इससे आपकी स्किन हाइड्रेट और सुंदर बनी रहती है।

### कैसे करें इस्तेमाल

इसके लिए आप कद्दू के बीज को भिगोकर खा सकते हैं। इसके अलावा आप इसे पीसकर भी लगा सकते हैं।

# डायबिटीज रोगियों के लिए वरदान से कम नहीं है शहतूत, यह फायदे सुनते ही रोजाना खाएंगे

आजकल के लाइफस्टाइल की वजह से डायबिटीज रोग लोगों के बीच बेहद आम समस्या बनकर रह गया है। स्थिति यह है कि न सिर्फ अधिक उम्र के लोग बल्कि युवा और बच्चे भी आज डायबिटीज की चपेट में आ रहे हैं। यह एक ऐसा खतरनाक रोग है, जो शरीर को धीरे-धीरे खोखला कर देता है। अगर आप भी इस समस्या से पीड़ित हैं तो शहतूत को अपनी डाइट का हिससा बना लीजिए। शहतूत में डायबिटीज को कंट्रोल करने की क्षमता होती है। एनसीबीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, शहतूत में डायबिटीज को कंट्रोल करने की क्षमता होती है। स्वाद में खट्टा-मीठा और रसीला यह फल डायबिटीज सहित कई बीमारियों के इलाज में मदद कर सकता है। सफेद शहतूत में फाइबर, विटामिन सी,आयरन सहित प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन ए जैसे तत्व भी भारी मात्रा में पाए जाते हैं।

**शहतूत कैसे कंट्रोल करता है डायबिटीज :** शहतूत की पत्तियों में डीएनजे नामक तत्व पाया जाता है, जो आंत में बनने वाले अल्फा ग्लूकोसाइडेज एनजाइम से मिलकर एक बॉन्ड बनाता है। यह बॉन्ड खून में शुगर की मात्रा को नियंत्रित करता है। इसके अलावा डीएनजे लिवर में बनने वाले अतिरिक्त ग्लूकोज को भी नियंत्रित करता है। इसकी पत्ती में एकरबोस नामक कम्पोनेंट भी पाया जाता है, जो खाना खाने के बाद की शुगर को नियंत्रित करता है।

**शुगर कंट्रोल करने के लिए कैसे करें शहतूत का इस्तेमाल**

- सब्जी बनाकर या सलाद में खाएं।



- अगर आप इसे सब्जी या सलाद में नहीं खा सकते हैं तो दिन में एक बार मुंह में रख लें और चबाएं।
- चाय के रूप में आप शहतूत की पत्तियों का सेवन कर सकते हैं।

**मधुमेह ही नहीं अन्य रोगों में भी फायदेमंद है शहतूत-**

**मोटापा घटाए :** कई अध्ययनों से पता चला है कि शहतूत के पत्ते फैट बर्निंग और वेटलॉस के लिए एक प्राकृतिक उपचार है। एक अध्ययन के अनुसार, कई जानवरों में शहतूत की पत्तियों का अर्क पीने से उनका मोटापा और उससे जुड़े तमाम रोगों में कमी हुई।

**पाचन तंत्र :** शहतूत न सिर्फ हमारे डायजेशन सिस्टम को दुरुस्त रखता है, बल्कि इसमें डायबिटीज और कॉलेस्ट्रोल लेवल को बैलेंस करने की भी क्षमता होती है। इतना ही नहीं,शहतूत कैविटी और मसूड़ों से जुड़ी बीमारियों से भी राहत दिला सकता है।

### आयरन

शहतूत में मौजूद कार्बोहाइड्रेट खून में शुगर को ग्लूकोज में कन्वर्ट करने का काम करती है। इससे कोशिकाओं को ज्यादा एनेर्जी मिलती है। शहतूत से शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ती है और टिशू को पर्याप्त ऑक्सीजन भी मिल पाता है।

### बालों का झड़ना

एक्सपर्ट कहते हैं कि शहतूत खाने से बाल झड़ने की समस्या भी दूर हो सकती है। ये फल कील, मुहांसे, ड्राय या सेंसिटिव स्किन के झंझट से भी मुक्ति दिला सकता है।

### घाव भरने के लिए

शहतूत के पत्तों को घाव या फोड़े पर लगाने से भी फायदा मिलता है। इसे घाव पर लगाने से घाव बहुत जल्दी भर जाते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष**
प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**वृष**
शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**मिथुन**
दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा।

**कर्क**
जोखिम व जमानत के कार्य टालें, धैर्य रखें। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। शत्रु परास्त होंगे।

**सिंह**
यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के कार्य में दखल न दें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लाभ बढ़ेगा।

**कन्या**
नई योजना बनेगी जिसका लाभ तुरंत नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव हावी रहेंगे। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

**तुला**
वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। समय नेष्ट है।

**वृश्चिक**
ऐश्वर्य पर व्यय हो सकता है। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। भाइयों से कहासुनी हो सकती है। आय बनी रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में सहकर्मी विरोध कर सकते हैं।

**धनु**
पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। अनहोनी की आशंका रहेगी। शत्रुभय रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर सभी अपेक्षित कार्य पूर्ण होंगे।

**मकर**
नौकरी और व्यापार में लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। शत्रुओं का पराभव होगा।

**कुंभ**
पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। दूसरों से अपेक्षा न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मातहतों से अनबन हो सकती है।

**मीन**
पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा। भाग्य का साथ मिलेगा।

# दो दिवसीय क्राफ्ट मेला आयोजित



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) जयपुर के स्कूल ऑफ डिजाइन के अंतर्गत फैशन एवं टेक्सटाइल विभाग द्वारा 20-21 जनवरी को विश्वविद्यालय परिसर में दो दिवसीय क्राफ्ट मेले का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय शिल्प एवं वस्त्र परंपराओं को प्रोत्साहित करना तथा अनुभवात्मक शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को पारंपरिक कला और रचनात्मक अभ्यासों से जोड़ना रहा। क्राफ्ट मेले के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए कारीगरों द्वारा लाइव क्राफ्ट डेमॉन्स्ट्रेशन प्रस्तुत किए गए। साथ ही विद्यार्थियों के लिए विशेष हैंड्स-ऑन वर्कशॉप्स, फैशन एवं टेक्सटाइल के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए रचनात्मक कार्यों की प्रदर्शनी तथा इंटरएक्टिव सेशंस आयोजित किए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को पारंपरिक शिल्प तकनीकों को नजदीक से देखने, समझने और सीखने का अवसर मिला। दो दिवसीय इस क्राफ्ट मेले में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के कुल 430 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। इसमें रयान इंटरनेशनल स्कूल, सुबोध पब्लिक स्कूल, ब्लू हेवन विद्यालय, कैम्ब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल, आईआईएस स्कूल (मानसरोवर एवं सीतापुरा), आरके पब्लिक स्कूल, एनके पब्लिक स्कूल, सेंट एंसलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ब्राइटलैंड्स गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नवोदय गर्ल्स टीटी कॉलेज सहित अनेक संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# श्रमिक कल्याण योजनाओं की दी जानकारी



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** आरयूआइडीपी के तहत कार्यरत एलएन्डटी कम्पनी के कर्मचारियों को सीवरेज परियोजना कार्य के दौरान जन सहभागी इकाई के प्रवीण सिंह राठौड़ द्वारा श्रमिक कल्याण योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए ई-श्रमिक कार्ड के लाभ एवं बनाने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया कि कार्य के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। घरेलू सीवरेज कनेक्शन के दौरान घर वाले कार्य से सन्तुष्ट होने चाहिए। मौसमी बिमारियों के प्रति सचेत रहने की सलाह दी गई। एलएन्डटी कम्पनी के इंजीनियर मोहम्मद सोयब कुरैशी ने कार्य के दौरान सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कार्य के समय कार्य स्थल के आसपास सुरक्षा के पुरे मापदंड, परोपर बेरिकेटिंग व सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग व जनरेटर के प्रयोग से पहले तारो की अच्छी तरह से जांच की जानी चाहिए। कार्य के दौरान किसी प्रकार की समस्या हो तो तुरन्त साइड इंजीनियर को सूचित करे। कार्य सम्पूर्ण होने के बाद सुरक्षा को लेकर जन समुदाय को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

# संत रामसुखदास महाराज की हुई मूर्ति स्थापना



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** उपखंड के गांव बाय में बुधवार को संत रामसुखदास महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की गई। विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मूर्ति स्थापित की गई इससे पहले गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा को नगर भ्रमण करवाया गया। आयोजक तथा भामाशाह ओमप्रकाश खटकड़ ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा से पहले पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। 17 जनवरी से शुरू हुआ कार्यक्रम बुधवार को मूर्ति स्थापना और पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। इस दौरान कलश यात्रा, हवन, भजन कीर्तन अथवा रोजाना पंडितों द्वारा लाखो मंत्रोच्चारण किया गया। बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा के दौरान साधु संतों के अलावा बाय सरपंच प्रशासक तारा पूनिया, पूर्व सरपंच बहादुर सिंह शेषमा, नेकीराम पूनिया, पंचायत समिति सदस्य रिंकू पूनिया, बंटी खटकड़, राजकुमार, संतोष, सुनीता, अनीता, दामोदर, सुभाष पायल, महेंद्र सेन, सुरेंद्र पूनिया, श्रीचंद्र पूनिया, राजकुमार पूनिया, शंकर दर्जी, पवन शर्मा, विद्याधर रणवा धमोरा, फूलचंद देवगांव, फूलचंद पूनिया, सुमेर पूनिया, प्रहलाद सिंह शेखावत, रामजीलाल कुमावत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पोल पर नहीं है हाईमास्क लाइट

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय चापटिया तलाई के पास स्थित राजकीय नवीन स्कूल के सामने वार्ड न 49 में लगी एक हाई मास्क लाईट अपनी जगह से गायब है। भाजपा नेता शिवभगवान चौहान ने बताया कि पिछले 3 महीने से मोहल्ले वासियों का कहना है इस पर लाइट नहीं है। जबकि ठेकेदार की 2 साल की गारंटी है। चौहान ने बताया कि यहां पर काफी बड़ा चौक है, इसलिए इस लाइट की जरूरत काफी ज्यादा है। चौहा ने कहा है कि नगरपरिषद प्रशासन को जल्द से जल्द यहां पर ध्यान देकर लाईट लगवाने की व्यवस्था करनी चाहिए।

# व्यावसायिक शिक्षा की जिला स्तरीय प्रदर्शनी आयोजित

जयशंकर जांगिड़




**झुंझुनू ( नवयत्न )।** मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक झुंझुनू के तत्वावधान में व्यवसायिक शिक्षा की स्किल एग्जीबिशन कम कंपीटिशन जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन स्काउट गाइड मुख्यालय झुंझूनू में हुआ। प्रदर्शनी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाइट प्राचार्य सुमित्रा झाझड़िया, विशिष्ट अतिथि स्काउट महेश कालावत, कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, कार्यक्रम की अध्यक्षता डाइट प्रभागाध्यक्ष प्रमेन्द्र कुल्हार द्वारा की गई। प्रदर्शनी प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में प्रिंसिपल रमेश कुमार, अशोक कुल्हारी, महेंद्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुमित्रा झाझड़िया ने बताया की स्किल एग्जीबिशन कम कम्पीटिशन व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक क्षेत्र में अपने कौशल, ज्ञान और निपुणता को प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करती है। विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने, निरन्तर सुधार हेतु प्रेरित करने, नवाचार को बढ़ावा देने और व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण के बारे में समग्र जागरूकता अभिवृद्धि हेतु इस गतिविधि का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डाइट प्रभागाध्यक्ष प्रमेन्द्र कुल्हार ने बताया की स्किल एग्जीबिशन कम कम्पीटिशन व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों को अपने कौशल, ज्ञान और विशेषज्ञता का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करने नवाचार को प्रेरित करने के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने, व्यावसायिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रतिभा को पहचानने, व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों के लिए रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने, व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा देना के लिए विद्यालय, जिला और राज्य स्तर पर आयोजित किए जाने वाली गतिविधि है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ साथ रोजगार के अवसर भी प्रदान करती है। कार्यक्रम में प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि स्किल एग्जीबिशन कम कम्पीटिशन गतिविधि कक्षा 9 से कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई है। इस गतिविधि के अन्तर्गत व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थी प्रतियोगिता के दौरान सेक्टर से संबधित मॉडल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तर के लिए किया जाएगा। जिले में व्यावसायिक शिक्षा संचालित 35 विद्यालयों के कुल 44 सेक्टर के विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा उनके साथ विद्यालय से शिक्षक/कौशल मित्र भी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी कार्यक्रम के समापन पर एडीईओ राजेश कुमार, जिला प्रचारक भगतसिंह विशेष रूप से उपस्थित होकर विजेता विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राजेश, राकेश, नवीन, विकास कुल्हरी सहित विभिन्न विद्यालयों से शिक्षक उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत ट्रैफिक पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिले में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बुधवार को ट्रैफिक पुलिस की ओर से जन जागरूकता अभियान शहर के रेलवे स्टेशन के सामने आयोजित किया गया। यातायात प्रभारी हंसराज गुर्जर ने बताया कि रेलवे स्टेशन के सामने वाहन चालकों और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। अभियान के तहत बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वालों, बिना सीट बेल्ट कार चलाने वालों तथा यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों को रोका गया और उन्हें नियमों की जानकारी देते हुए गुलाब का फूल दिया गया।

ट्रैफिक पुलिस ने समझाइश के माध्यम से बताया कि सड़क सुरक्षा नियम केवल चालान के डर से नहीं बल्कि स्वयं और दूसरों की जान की सुरक्षा के लिए जरूरी हैं। ट्रैफिक इंचार्ज हंसराज गुर्जर ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान अब तक शहर में ट्रैफिक पुलिस द्वारा करीब 500 लोगों के चालान काटे जा चुके हैं। साथ ही लोगों को लगातार यातायात नियमों की पालना करने के लिए समझाइश भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि हेलमेट, सीट बेल्ट और निर्धारित गति सीमा का पालन करने से दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। आमजन ने भी ट्रैफिक पुलिस की इस पहल की सराहना की और ट्रैफिक पुलिस के साथ सहयोग का भरोसा जताया।

# आरएलपी ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** आरएलपी के बैनर तले जिला कलेक्टर महेंद्र खडगावत को ज्ञापन सौंप कर किसानो ने 4 सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग रखी है। पार्षद प्रतिनिधि ज्ञानाराम मेहरिया ने बताया कि रबी 2022-23 की फसल शीतलहर, पाले से 70 प्रतिशत से अधिक नष्ट हो गई थी जिसका लाडनूं तहसील के लगभग 40 प्रतिशत किसानों को मुआवजा अभी तक नही दिया गया है, खरीफ 2025 अधिक वर्षा के कारण फसल खराबे का मुआवजा व बिमा क्लेम तुरंत प्रभाव से दिलवाया जाने, लाडनूं तहसील क्लेम में पहले बारिश की कमी व बाद में अतिवृष्टी के कारण मुंग, मोठ, बाजरा, व कपास, की फसल 70 प्रतिशत नष्ट हो गई थी जिसका मुआवजा व क्लेम दिलवाये जाने, बादेड़ ग्राम वासियो द्वारा पिछले 50 दिनो से उचित मांग पंचायत मुख्यालय बादेड़ को बनाने हेतु धरना दिया जा रहा है जिसकी तुरंत प्रभाव से मांग पूरी की जाने सहित नगरपालिका लाडनूं में हो रहे पिछले कई महिनो से भ्रष्टाचार की जांच करवाने की मांग रखी गई है। अन्यथा आर.एल.पी. सुप्रीमो हनुमान बेनिवाल कि नेतृत्व में धरना प्रदर्शन करने की बात कही है।

# राजकीय भरतीया अस्पताल के पीआईसीयू वार्ड में लगी आग

## चिकित्सक ने अग्निशमन यंत्र से बुझाई आग

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू के राजकीय भरतिया अस्पताल की एमसीएच विंग में बुधवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब अस्पताल के पीआईसीयू वार्ड में आग लग गयी। सूचना पर कोतवाली थाने के सब इंस्पेक्टर किशनाराम मौके पर पहुंचे और हादसा स्थल का जायजा लिया। सब इंस्पेक्टर किशनाराम ने बताया हादसे के वक्त पीआईसीयू वार्ड में करीब 15 नवजात थे और हादसा उस वक्त हुआ जब पीआईसीयू वार्ड में भर्ती एक नवजात को नर्सिंग स्टॉफ निबोलाइज कर रही थी की तभी पलक लगाते समय शॉर्ट सर्किट के साथ आग लग गयी और पीआईसीयू वार्ड में आग का धुआँ होने लगा। तभी डॉक्टर सिद्धार्थ और नर्सिंग स्टॉफ ने सूझबूझ दिखाते हुए पीआईसीयू वार्ड के सभी 15 नवजातो को दूसरों वार्ड में शिफ्ट किया और वार्ड में लगे तीन अग्निशामन यंत्र की सहायता से आग पर काबू पाया।

### हो सकता था बड़ा हादसा

जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल के पीआईसीयू वार्ड में लगी आग से बड़ा हादसा हो सकता था। जहां हादसे के वक्त 15 नवजात वार्ड में एडमिट थे। हादसे के बाद एक बारगी परिजनों और अस्पताल स्टॉफमें भी हड़कंप मच गया लेकिन ड्यूटी पर कार्यरत चिकित्सक डॉक्टर सिद्धार्थ और नर्सिंग स्टॉफ की सतर्कता और सूझबूझ के चलते बड़ा हादसा टल गया। हादसे के बाद अस्पताल अधीक्षक डॉ दीपक चौधरी भी मौके पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। सूचना के बाद जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने अस्पताल पहुंच कर घटना की जानकारी ली, स्टाफको आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## आदिवासी मीना महिला संघ की जिला कार्यकारिणी गठित

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** आदिवासी मीना महिला विकास संघ की प्रदेशाध्यक्ष मंजू जेफ के मार्गदर्शन में सीकर जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। जिला कार्यकारिणी की प्रथम मीटिंग गुरुवार को सीकर में होगी, जिसमें आदिवासी मीना समाज में व्याप्त कुरीतियों तथा समाज सुधारों पर चर्चा होगी। आदिवासी मीना महिला संघ की सीकर जिलाध्यक्ष अनीता मीना ने बताया कि जिला कार्यकारिणी के विस्तार में निर्मला मीना संरक्षक, बिना मीना उपाध्यक्ष, संतोष मीना महासचिव, मंजू मीना सचिव, मोना मीना कोषाध्यक्ष, कमला देवी सह कोषाध्यक्ष, भंवरी मीना, मिश्री मीना, लक्ष्मी देवी तथा कांता मीना को कार्यकारी सदस्य बनाया गया है।

# अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ शिरडी रवाना




निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ का 18वां राष्ट्रीय सम्मेलन 23 से 26 जनवरी तक महाराष्ट्र के शिरडी में आयोजित होगा। इस सम्मेलन में देशभर के राज्य सरकारी कर्मचारी अपने अधिकारों की निर्णायक लड़ाई का आगाज करेंगे। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा एवं महामंत्री महावीर सिहाग के नेतृत्व में राजस्थान से विभिन्न घटक संगठनों के 40 चुने हुए प्रतिनिधियों का जत्था शिरडी के लिए रवाना हुए। चार दिवसीय इस राष्ट्रीय सम्मेलन में कर्मचारियों से जुड़े ज्वलंत सवालों पर केंद्र व राज्य सरकारों के जनविरोधी रवैये की गहन समीक्षा की जाएगी। सम्मेलन में महासंघ के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ-साथ ट्रेड यूनियन इंटरनेशनल (पब्लिक सर्विस) के जनरल सेक्रेटरी भी प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे।

# भगवान इस सृष्टि के कण-कण में व्याप्त है : संत निवृत्तिनाथ



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** श्री महावीर सेवा संस्थान व श्रीश्याम गौशाला समिति के तत्वावधान में गौ सेवार्थ श्री संकटमोचन बालाजी धाम के सभागार में हो रहे पंच दिवसीय श्रीरामचरितमानस व्याख्यान के चतुर्थ दिवस गनेड़ीधाम के योगी संत निवृत्तिनाथ कृष्ण महाराज ने कहा कि मानस के पठन से जीवन को नयी दिशा और सर्वोच्च सुख की प्राप्ति होती है। भक्तिमय वातावरण में संत निवृत्तिनाथ कृष्णा महाराज ने कहा कि भगवान इस सृष्टि के कण कण में विद्यमान है। भगवान भक्तों का संकट हरने धर्म की स्थापना करने और संसार के जीवो का उद्धार करने के लिए अवतार लेते हैं। उनका अनुभव केवल सच्चे प्रेम और भक्ति से ही संभव है। मानस प्रवचन में महाराज ने रामायणजी के लंकाकांड हनुमानजी का लंका प्रवेश, माता शबरी की श्रद्धा भक्ति के पावन प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। मानस व्याख्यान के दिव्य आयोजन में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत, कांग्रेस नेता रमेशचंद्र इंदौरिया, हेमन्त सारस्वत, डॉ वेदप्रकाश पुरोहित, डॉ गोपालदत शर्मा, अंबिकाप्रसाद हारित, गिरधारीलाल बाजोरिया, अशोक बाजोरिया, ओम प्रकाश मंगलहारा, मूलचंद सिंधी सहित कई धर्म श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा का संचालन कुलदीप व्यास ने किया।

# बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा व विकास कार्यों का हुआ उद्घाटन

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** तहसील के ग्राम पंचायत कुसुमदेसर के ग्राम कुसुमदेसर में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा व अंबेडकर के भवन भीचरी का लोकार्पण हुआ। शहीद किशन सिंह राउमावि भीचरी में दो कमरे, खेल मैदान की चारदीवारी, सीसी ब्लॉक सड़के व राउमावि कुसुमदेसर में कमरा जैसे अनेक विकास कार्यों का किया लोकार्पण किया। विधायक पूसाराम गोदारा के द्वारा ग्राम पंचायत के करवाए गए विकास कार्यों की सराहना की और कहां पंचायत में गुणवत्ता के साथ अच्छा कार्य कियाहै। ग्रामीणों की मांग के अनुसार अंबेडकर भवन में एक हाल, भीचरी विद्यालय में सी सी ब्लाक, खेल मैदान की चार दीवारी कुसुमदेसर व फ्रांसा स्कूल में टीनसेढ जैसे विकास कार्य करवाने का आश्वासन दिया। पवन सिंह राठौड़ ने आयोजित कार्यक्रम में पिछले 10 साल में कराए गए करोड़ों रुपए के सार्वजनिक व व्यक्तिगत कामों का ब्यौरा दिया व कहा पंचायत ने हमेशा विकास को प्राथमिकता दी, जिन कार्यों के जिन्हें ज्यादा आवश्यकता थी उन्हें प्राथमिकता से करवाया। मंचस्थ पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगड़वा, कल्याण सिंह, राजकुमार सिहाग, रिछपाल नायक, भानीराम मेघवाल, सुरेंद्र हुडा, सुल्तान सिंह, रतनलाल मेघवाल, चरण सिंह कोका, फकीरचंद दानोदिया, हेतराम खीलेरी का ग्रामीणों द्वारा माल्यार्पण कर व साफा बांध कर स्वागत किया। इस अवसर पर सज्जन बाटड़, भवानी सिंह, उमेद सिंह, मदन सिंह, समुंदर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, किशन सिंह, झाबर मल मेघवाल, गुलाराम पूनिया, रामलाल, लालचन्द मेघवाल, हेमाराम, भादर सिंह सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नितिन नबीन बने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, जश्न का माहौल

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी के नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर शहर में खुशी का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर स्थानीय घंटाघर के पास पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर जश्न मनाया। इस मौके पर पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने कहा कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना भाजपा की संगठनात्मक संस्कृति और कार्यकर्ता-आधारित राजनीति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जहाँ एक साधारण कार्यकर्ता भी मेहनत और समर्पण के बल पर शीर्ष पद तक पहुँच सकता है। उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन और अधिक मजबूत होगा।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन की बड़ी जीत बताते हुए कहा कि नितिन नबीन के नेतृत्व में पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाएगी।

इस अवसर पर दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में दो युवक घायल

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव गुलेरिया के पास मोटरसाइकिल सवारों को कार ने टक्कर जबरदस्त टक्कर मार दीए जिससे मोटरसाइकिल सवार दोनों लोग गंभीर घायल हो गए। राहगीर भागीरथ की सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार एम्बुलेंस चालक भरत, 108 द्वारा सुजानगढ़ अस्पताल लाया गया और इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया गया।

गंभीर घायलों मे सपाम, अरमान, निवासी सम्राट होटल के पीछे सुजानगढ़ शामिल हैं। इनमें से अरमान को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।

# 115 युद्धपोतों का रिकॉर्ड, 90 प्रतिशत तक स्वदेशी तकनीक और 20,200 करोड़ का भविष्य; GRSE कैसे बना गेम चेंजर

भारतीय नौसेना की सामरिक शक्ति और मेक इन इंडिया के मानचित्र पर कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स(जीआरएसई) एक चमकदार ध्रुवतारे की तरह उभरा है। हुगली नदी के तट से शुरू हुई यह यात्रा अब दुनिया के महासागरों में भारत की तकनीकी क्षमता और आत्मविश्वास का परचम लहरा रही है।

पिछले एक दशक में इस संस्थान ने खुद को केवल जहाज जोड़ने वाली इकाई से आगे बढ़ाकर पूर्ण डिजाइन और अनुसंधान केंद्र के रूप में स्थापित किया है, जो रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर भारत की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। वर्ष 1961 में देश का पहला स्वदेशी युद्धपोत आइएनएस अजय सौंपने से लेकर वर्ष 2025 में एक ही वर्ष में पांच अत्याधुनिक युद्धपोतों की डिलीवरी तक, यह संस्थान 'खरीदार से निर्माता' बनने की भारत की यात्रा का सशक्त प्रतीक है।

### तकनीकी अनुसंधान और स्वदेशी शक्ति का संगम

जीआरएसई की सबसे बड़ी सफलता उसकी 70 से 90 प्रतिशत तक की स्वदेशी सामग्री का उपयोग है। अपनी वर्चुअल रियलिटी लैब के जरिए डिजिटल खाका तैयार करने से लेकर एआइ-आधारित मेंटेनेंस तक, यह संस्थान अत्याधुनिक तकनीक का केंद्र बन चुका है।

कंपनी ने अब तक 115 युद्धपोत बनाकर सौंप चुका है, जो किसी भी भारतीय शिपयार्ड के लिए एक कीर्तिमान है। बीते पांच वर्षों में गार्डन रीच ने भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल को कई महत्वपूर्ण पोत सौंपे हैं। इनमें आधुनिक स्टेल्थ श्रेणी के फ्रिगेट, पनडुब्बी रोधी उथले जलपोत, बड़े सर्वेक्षण जहाज और गश्ती पोत शामिल हैं। केवल पिछले एक वर्ष में ही एक साथ कई जहाजों का जलावतरण और सुपुर्दगी इस शिपयार्ड की उत्पादन क्षमता और कार्यकुशलता को दर्शाती है।

### लक्ष्यों से आगे का सफर वर्ष

वर्तमान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कमोडोर (रिटायर्ड) पीआर हरि के कुशल नेतृत्व में जीआरएसई अपने स्वर्णिम युग में है। उनके कार्यकाल में शिपयार्ड ने वित्त वर्ष 2024-25 में 5,076 करोड़ रुपये के परिचालन राजस्व का ऐतिहासिक स्तर छुआ, जो पिछले 65 वर्षों का रिकार्ड है। कंपनी का शुद्ध लाभ 48 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 527 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। 2020 से 2025 के बीच जीआरएसई ने रक्षा उत्पादन में अभूतपूर्व तेजी दिखाई है। इस दौरान नौसेना और तटरक्षक बल को लगभग 10 प्रमुख पोत सौंपे गए। इसमें संध्याक श्रेणी के बड़े सर्वेक्षण पोत और अर्नला श्रेणी के एंटी-सबमरीन जहाज शामिल हैं। विशेष रूप से 2025 में अकेले पांच युद्धपोतों की डिलीवरी की सूचना ने संस्थान की कार्यक्षमता को सिद्ध किया है। कमोडोर हरि के नेतृत्व में जीआरएसई की समवर्ती जहाज निर्माण क्षमता 20 से बढ़कर 24 हो चुकी है, जिसे 2026 तक 28 और इस दशक के अंत तक 30 जहाजों तक ले जाने की योजना है। सीएमडी कमोडोर पीआर हरि का स्पष्ट संदेश है—हमारा लक्ष्य जीआरएसई को केवल एक जहाज निर्माता नहीं, बल्कि एक स्मार्ट, भविष्य-तैयार वैश्विक शिपयार्ड बनाना है—जो 'मेक इन इंडिया, मेक फार द वर्ल्ड' के विजन को साकार करे।

### 2030 तक का विशाल लक्ष्य

जीआरएसई के पास सितंबर 2025 तक 20,200 करोड़ रुपये से अधिक का आर्डर मिला हुआ है। अगले पांच वर्षों में 30 से जहाजों के निर्माण का लक्ष्य है, जिनमें नेक्स्ट जनरेशन कार्वेट्स (एनजीसी) और पी17ए श्रेणी के स्टेल्थ फ्रिगेट्स (हिमगिरि, विंध्यगिरि) प्रमुख हैं। साथ ही इलेक्ट्रिक वेसल्स और ग्रीन शिपिंग के क्षेत्र में कदम रखना है।



### आत्मनिर्भरता का निर्यात माडल

भारत अब केवल रक्षा आयातक नहीं, बल्कि निर्यातक बन चुका है। जीआरएसई ने मारीशस को सीजीएस बैराकुडा, गुयाना को समुद्री मालवाहक जहाज और सेशेल्स जैसे देशों को पोत निर्यात कर वैश्विक स्तर पर भारत की साख मजबूत की है। यह शिपयार्ड न केवल लोहे और इंजन से जहाज गढ़ रहा है, बल्कि भारत की समुद्री सुरक्षा, नीली अर्थव्यवस्था और सामरिक भविष्य की मजबूत नींव भी तैयार कर रहा है। यह कहानी आत्मनिर्भर भारत के उस विश्वास की प्रतीक है, जो अब समुद्र की लहरों पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। जीआरएसई न केवल कोलकाता के औद्योगिक गौरव को पुनर्स्थापित कर रहा है, बल्कि यह सुनिश्चित कर रहा है कि भविष्य के समुद्री युद्धों में भारत की जीत स्वदेशी हथियारों से ही सुनिश्चित हो।

# बॉर्डर 2 धमाका! रिलीज से पहले ही बॉक्स ऑफिस पर सुनामी एडवांस बुकिंग में टूटा नियमों का घेरा!

**भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे प्रतिष्ठित वॉर फिल्म बॉर्डर का सीक्वल बॉर्डर 2 इस शुक्रवार सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच जिस तरह का उन्माद देखा जा रहा है, उसने बॉक्स ऑफिस पंडितों को भी हैरान कर दिया है। फिल्म के शुरुआती रिएक्शन और टिकटों की बुकिंग को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। अभी तक, देश की बड़ी चेन में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, सनी देओल जैसे कलाकारों वाली और अनुराग सिंह द्वारा डायरेक्टेड इस वॉर फिल्म के ओपनिंग शो के लिए लगभग 10,000 टिकट बिक चुके हैं। BookMyShow के अनुसार, लगभग 20,000 टिकट भी बिक चुके हैं।**

### बॉर्डर 2 एडवांस बुकिंग कलेक्शन अब तक

प्रोडक्शन टीम ने 23 जनवरी को रिलीज़ होने वाली बॉर्डर 2 के ज़बरदस्त रिस्पॉन्स को देखते हुए पहले ही एडवांस बुकिंग शुरू कर दी है, और यह रिस्पॉन्स बहुत अच्छा रहा है। Sacnilk की एक रिपोर्ट के अनुसार, बॉर्डर 2 लगभग 48,000 टिकट बेचने में कामयाब रही है और इसने 1.55 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इसमें ब्लॉक सीटें भी शामिल हैं, जो 5.85 करोड़ रुपये की हैं।

### स्टार-स्टडेड बॉर्डर 2 कास्ट दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ा रही है

सनी देओल पिछली फिल्म से अपनी हीरो वाली इमेज बनाए हुए हैं, वरुण धवन पहली बार एक इंटेंस रोल निभा रहे हैं, दिलजीत दोसांझ पहली बार स्क्रीन पर सनी और वरुण के साथ काम कर रहे हैं, अहान शेट्टी फिल्म में एक नई जान डाल रहे हैं, सोनम बाजवा फिल्म में एलिगेंस का टच दे रही हैं, जबकि मोना सिंह एक अहम रोल निभा रही हैं।

### बॉर्डर 2 किस बारे में है और उम्मीदें क्यों ज़्यादा हैं

दर्शक इन ऑफिसर्स के बीच मज़बूत बॉन्ड को देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं, जो स्टारडम के बावजूद देश को सबसे पहले रखते हैं। कहानी 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित है और इसमें किरदारों के बीच संघर्ष, बलिदान और बॉन्डिंग को दिखाया गया है, साथ ही कुछ शानदार साउथ-इंडियन-स्पेशल-इफेक्ट्स भी हैं जो मॉडर्न सेटिंग में उन्हीं एलिमेंट्स को दिखाते हैं।



# अनूप जलोटा ने रहमान को दी सलाह

## बोले-अगर मुस्लिम होने की वजह से काम नहीं मिल रहा, तो फिर से हिंदू बन जाएं...

म्यूजिक डायरेक्टर ए.आर. रहमान के काम न मिलने वाले बयान पर सिंगर अनूप जलोटा ने प्रतिक्रिया देते हुए रहमान को सलाह दी है कि अगर उन्हें मुस्लिम होने की वजह से काम नहीं मिल रहा है, तो वे वापस हिंदू बन जाएं।

न्यूज एजेंसी द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में जलोटा ने कहा, ए.आर. रहमान पहले हिंदू थे और बाद में उन्होंने इस्लाम धर्म अपनाया। इसके बावजूद उन्होंने संगीत इंडस्ट्री में खूब काम किया, नाम कमाया और लोगों के दिलों में जगह बनाई, लेकिन अगर उन्हें लगता है कि मुस्लिम होने की वजह से हमारे देश में उन्हें फिल्मों में संगीत का काम नहीं मिल रहा है, तो उन्हें फिर से हिंदू बन जाना चाहिए। सिंगर ने आगे कहा, उन्हें यह मानना चाहिए कि हिंदू बनने से उन्हें दोबारा फिल्में मिलने लगेंगी। यही बात रहमान कहना चाहते हैं। इसलिए मेरा सुझाव है कि वे हिंदू बनकर देखें और जांचें कि क्या उन्हें फिर से फिल्में मिलती हैं या नहीं।

वहीं इससे पहले रहमान के बयान पर रिएक्ट करते हुए जलोटा ने कहा था कि ये एक बहुत खतरनाक टिप्पणी है। मुझे नहीं पता उन्होंने ऐसा क्यों कहा। मैं 50 सालों से बॉलीवुड में हूं। ये वो जगह है जहां सांप्रदायिक चीजों की जगह नहीं है।

**क्या था एआर रहमान का बयान?**-एआर रहमान ने हाल ही में बीबीसी नेटवर्क को दिए इंटरव्यू में कहा था, पिछले 8 सालों में शायद सत्ता का बदलाव हुआ है और जो क्रिएटिव नहीं हैं, वे फैसले ले रहे हैं। शायद कोई कम्युनल बात भी रही हो, लेकिन मेरे सामने किसी ने कुछ नहीं कहा। हां, कुछ 'व्हिस्पर्स' सुनाई देती हैं। जैसे आपको बुक किया गया था, लेकिन दूसरी म्यूजिक कंपनी ने फिल्म फंड की और अपने संगीतकार ले आई। मैं कहता हूं, ठीक है, मैं आराम करूंगा।

**जावेद अख्तर, शान ने की थी बयान की आलोचना**-रहमान के बयान के बाद कई सेलेब्स ने इस पर प्रतिक्रिया दी थी। जावेद अख्तर ने रहमान के दावे को सिरे से खारिज कर दिया था। आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने कहा था, मुझे



ऐसा कभी नहीं लगा। मैं मुंबई में रहता हूं, सबसे मिलता हूं। रहमान को बहुत सम्मान मिलता है। जावेद अख्तर ने कहा था कि रहमान वेस्ट में व्यस्त रहते हैं, शो करते हैं, इसलिए प्रोड्यूसर्स उनसे संपर्क करने में हिचकते हैं। उन्होंने कहा था, ऑस्कर विनर जैसी महान शख्सियत के पास छोटे निर्माता झिझक महसूस करते होंगे। इसमें कोई सांप्रदायिक एंगल नहीं है। सिंगर शान ने कंपोजर के बयान की निंदा की थी। उन्होंने कहा था, जहां तक काम न मिलने की बात है, तो आपके सामने मैं भी खड़ा हूं। मुझे भी काम नहीं मिल रहा। मैं इसमें नहीं जाता। सबकी पर्सनल बात होती है। सबकी अपनी सोच है। हमें कितना काम मिलना चाहिए, ये हमारे हाथ में नहीं है। मुझे नहीं लगता है कि कोई कम्युनल एंगल है। ऐसा होता तो हमारे जो तीन सबसे बड़े स्टार्स (शाहरुख, सलमान, आमिर) हैं, वो भी माइनॉरिटी में हैं, तो क्या उनके फैंस कम हैं। ऐसा तो नहीं होता।

**कंगना रहमान के बयान पर भड़क गई थीं**-वहीं, कंगना रनोट एआर रहमान के बयान पर भड़क गई थीं। एक्ट्रेस ने कहा था- मैं चाहती थी कि एआर रहमान मेरी फिल्म इमरजेंसी का नरेशन करें, लेकिन उन्होंने ये कहते हुए इनकार कर दिया कि वो किसी प्रोपगेंडा फिल्म का हिस्सा नहीं बनना चाहते।

# राखी सावंत बोली- मेरे किस ने मीका को सुरीला बनाया

## पहले सावन में लग गई आग गाता था, अब हुड़ दबंग-दबंग; कॉन्ट्रोवर्सी से फेमस हुआ

आइटम गर्ल राखी सावंत ने पंजाबी मूल के बॉलीवुड सिंगर मीका सिंह के साथ हुई किस कॉन्ट्रोवर्सी को फिर सुर्खियों में ला दिया है। एक पॉडकास्ट के दौरान राखी सावंत ने कहा- मीका के गले में पहले आवाज ही नहीं थी। जिस दिन उसने मुझे किस किया, उसकी आवाज सुरीली हो गई है। मीका भाजी, बुरा मत मानना, सच तो आप जानते हो। राखी सावंत ने आगे कहा- पहले गाता था, सावण में लग गई आग, दिल मेरा हाय....मेरा किस करने के बाद हुड़ दबंग..दबंग..दबंग, मतलब राखी को किस करके मीका के सुर आ गए। राखी के मुताबिक, उनके टच या उस कॉन्ट्रोवर्सी ने मीका को वह पहचान और सुर दिए, जो आज उनके पास हैं। राखी सावंत का यह वीडियो अब खूब वायरल हो रहा है।

### बर्थडे पार्टी में राखी सावंत के साथ जबरदस्ती किया था किस

राखी सावंत को जबरन किस करने का मामला साल 2006 का है। मीका सिंह ने अपने जन्मदिन की पार्टी रखी थी। जहां मीका आपा खोकर कन्ट्रोवर्सी क्वीन राखी सावंत को जबरदस्ती किस कर बैठे थे। मीका की अचानक की गई इस हरकत से राखी समेत उस पार्टी में मौजूद हर शख्स हैरान था। इसके बाद पार्टी में तो राखी शांत रहीं लेकिन बाद में उन्होंने हंगामा खड़ा कर दिया। राखी ने सिंगर के खिलाफ 11 जून 2006 को एफआईआर दर्ज करवा दी। मीका सिंह पर आईपीसी की धारा 354 और 323 के तहत केस दर्ज हुआ था।



### कोर्ट के बाहर हुआ राजीनामा, केस खत्म हुआ

2006 से यह मामला कोर्ट में अटका हुआ था। हालांकि करीब 17 साल बाद यह मामला सुलझ गया। कोर्ट ने इस मामले की एफआईआर और चार्जशीट को रद्द कर दिया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि राखी सावंत और मीका सिंह ने आपसी सहमति से यह मामला सुलझा लिया है। मीका सिंह ने इसको लेकर अप्रैल 2023 में एफआईआर और चार्जशीट को रद्द करने की अपील की थी। राखी सावंत ने भी कोर्ट में एफिडेविट जमा करवाया था, जिसमें कहा कि दोनों ने बातचीत से मामला सुलझा लिया है। उन्हें एहसास हुआ कि सबकुछ गलतफहमी की वजह से हुआ।

### मीका ने कहा था- सबक सिखाने के लिए किस किया?

इस मामले में मीका सिंह ने बाद में कहा था कि उन्होंने हर किसी को कहा था कि उनके चेहरे पर केक न लगाएं। इसके बावजूद राखी ने केक लगा दिया। इसलिए राखी को सबक सिखाने के लिए उन्हें जबरन किस किया। इसके बाद मीका की गिरफ्तारी भी हुई और बाद में वह जमानत पर छूटे। इसके बाद 2021 में उनके बीच सुलह हो गई थी। इस दौरान वह सार्वजनिक तौर पर भी एक-दूसरे से मिलते हुए नजर आए थे।

# 'मुझे भाषा बोलने के लिए मजबूर मत करो'

## एक्टर सुनील शेट्टी बोले- मराठी किसी के दबाव में नहीं, अपनी इच्छा से बोलेंगे

बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने हाल ही में कहा कि किसी को जबरदस्ती भाषा बोलने के लिए मजबूर नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई उनसे यह कहे कि मराठी बोलना अनिवार्य है, तो वे साफ कहते हैं कि ऐसा जरूरी नहीं है। वे मराठी अपनी इच्छा से बोलेंगे, न कि किसी दबाव में।

न्यूज़ एजेंसी के एक इवेंट में सुनील शेट्टी ने कहा कि जब वे कम उम्र में अपने घर से बाहर निकले, तो इसका मतलब यह नहीं था कि वे अपनी पहचान छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं बहुत छोटी उम्र में यहां (कर्नाटक) से बाहर गया था, किसी और जैसा बनने या कोई और बनने के लिए नहीं।

उनके लिए बाहर जाना सिर्फ बेहतर मौके तलाशने का जरिया था, न कि अपनी जड़ों को मिटाना। मुंबई में करियर बनाने के बाद भी उनकी पहचान वही रही।

उन्होंने कहा, मैं जो कुछ भी करता हूं, उसमें मंगलुरु मौजूद है। इससे उन्होंने बताया कि उनका शहर आज भी उनके काम, सोच और मूल्यों में साफ झलकता है।

वहीं, मराठी भाषा को लेकर शेट्टी ने कहा कि उनसे जब पूछा जाता है कि मराठी का क्या, तो इस पर वे कहते हैं, मराठी का क्या?



उन्होंने आगे कहा, अगर कोई मुझसे कहे कि तुम्हें मराठी बोलनी ही पड़ेगी, तो मैं कहता हूं कि यह जरूरी नहीं है। मैं जब चाहूं, तब बोलूंगा। मुझे मजबूर मत करो।

हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि यह बात किसी का अपमान करने के लिए नहीं है। मुंबई को अपनी कर्मभूमि बताते हुए उन्होंने कहा कि मराठी सीखना उनके लिए सम्मान की बात है। अगर यह मेरी कर्मभूमि है और मैं मराठी सीखता हूं, तो इससे बहुत से लोग खुश होंगे।

उन्होंने यह भी कहा, मैं आज मुंबई के कई मराठी बच्चों से बेहतर मराठी बोल लेता हूं।

# फिल्म ओ रोमियो का ट्रेलर रिलीज

## शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की दिखी इंटेंस केमिस्ट्री, नाना पाटेकर के किरदार ने भी खींचा ध्यान



फिल्म ओ रोमियो का ट्रेलर बुधवार को रिलीज कर दिया गया। साजिद नाडियाडवाला के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है, जबकि फिल्म में शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, अरुणा ईरानी, फरीदा जलाल और अविनाश तिवारी जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं।

ट्रेलर देखने के बाद कहा जा सकता है कि यह सिर्फ एक लव स्टोरी नहीं, बल्कि जुनून, त्याग की भी कहानी भी है। ट्रेलर में प्यार, धोखा, बदला और हिंसा के गहरे रंग दिखाई देते हैं।

शाहिद कपूर एक इंटेंस और खतरनाक किरदार में नजर आ रहे हैं। वहीं, तृप्ति डिमरी एक मजबूत और इमोशनल किरदार निभा रही हैं। ट्रेलर के डायलॉग जैसे- हम आपके हैं कौन? माधुरी दीक्षित, जब कहूंगा, नाचना पड़ेगा, उस्तरा से पंगा नहीं लेने का और शरीर से आत्मा काट के ले जाता है ने ध्यान खींचा है। तृप्ति ने शाहिद की तारीफ की आज फिल्म के पोस्टर और ट्रेलर लॉन्च इवेंट का आयोजन भी हुआ। इवेंट में शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी और नाना पाटेकर मौजूद रहे। इवेंट के दौरान तृप्ति डिमरी ने शाहिद कपूर के साथ काम करने के अनुभव को शेयर करते हुए उन्हें शानदार और बेहद सपोर्टिव को-स्टार बताया। उन्होंने कहा कि इस फिल्म के जरिए शाहिद के साथ काम करने का उनका सपना पूरा हुआ है।

## मणिपाल हॉस्पिटल में समय पर सर्जरी से मरीज का पैर कटने से बचाया

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर में समय पर की गई जटिल सर्जरी से एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक का पैर कटने से बचा लिया गया। जोगिया क्षेत्र में 4 जनवरी को हुई सड़क दुर्घटना में रक्षित बागड़ा के पैर की हड्डी टूट गई थी और पैर को रक्त पहुंचाने वाली मुख्य धमनी भी कट गई थी, जिससे उसकी हालत बेहद गंभीर हो गई। दुर्घटना के बाद परिजन उसे तुरंत एक ऑर्थो सेंटर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने तत्काल सर्जरी की जरूरत बताई लेकिन धमनी कटने के कारण पैर काटने की आशंका भी जताई गई। इसी दौरान परिजनों ने वरिष्ठ वेस्कुलर सर्जन डॉ गोविंद प्रसाद दुबे से संपर्क किया। डॉ दुबे ने बिना देर किए मरीज को मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर की इमरजेंसी में लाने की सलाह दी। मणिपाल हॉस्पिटल पहुंचते ही डॉ गोविंद प्रसाद दुबे ने मेडिकल टीम के साथ मिलकर रात भर चले ऑपरेशन में इस जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। समय पर किए गए ऑपरेशन से मरीज की कट चुकी रक्त आपूर्ति को पुनः बहाल किया गया और उसका पैर बचा लिया गया। मणिपाल हॉस्पिटल के निदेशक रंजन ठाकुर ने सफल सर्जरी के लिए मेडिकल टीम को बधाई देते हुए कहा कि अस्पताल की विशेषज्ञ टीम आपातकालीन परिस्थितियों में भी मरीजों को त्वरित और सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं परिजनों ने मणिपाल हॉस्पिटल की चिकित्सा टीम और डॉ गोविंद प्रसाद दुबे के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सही समय पर लिए गए निर्णय और विशेषज्ञ उपचार के कारण उनके बेटे का पैर सुरक्षित रह सका।

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम : नौनिहालों का हो रहा है उपचार

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग की ओर से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को सीकर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रोलसाहबसर तथा गणेश्वर में शिविर का आयोजन किया। शिविर में आरबीएसके तहत कार्यरत टीमों द्वारा चयनित किए गए बच्चों का विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा उपचार किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया ने बताया कि शिविर में 245 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और 10 बच्चों को उपचार के लिए रैफर किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रोलसाहबसर में लगे शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एसएन सब्बल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रसन्ता, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. ईरम शेख, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. साक्षी सिंगल एवं दंत रोग चिकित्सक डॉ. अरविन्द कुमार ने अपनी सेवाएं दी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गणेश्वर में लगे शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक दायमा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा जांगिड, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अनिता अटल, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. लीलाराम एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ सुमित गर्ग ने अपनी सेवाएं दी।

## एक जिला एक उत्पाद कार्यशाला आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक विकास सिहाग ने बताया कि पंच गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत एक जिला एक उत्पाद विषय पर बुधवार को अरबन हाट, सीकर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पंच गौरव के समन्वयक विभाग सांख्यिकी एवं आयोजना के उपनिदेशक अनिल शर्मा ने पंच गौरव की अवधारणा, पृष्ठभूमि एवं इसके लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने जिले के पंच गौरव घटकों-एक जिला एक खेल बास्केटबॉल, एक जिला एक वनस्पति अरडू, एक जिला एक उत्पाद एंटीक फर्नीचर, एक जिला एक उपज प्याज तथा एक जिला एक पर्यटन खाटूश्यामजी के विकास, संवर्धन एवं संरक्षण से संबंधित विभागीय प्रावधानों एवं भविष्य की रूपरेखा की जानकारी दी। जिला खेल अधिकारी प्रकाश राम गोदारा ने एक जिला एक खेल-बास्केटबॉल को बढ़ावा देने के लिए पंच गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत किए गए कार्यों की जानकारी दी। वन विभाग के अमित देवंदा ने एक जिला एक वनस्पति-अरडू के पौधारोपण के लाभों एवं फर्नीचर उद्योग में कच्चे माल के रूप में इसके उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान की। अग्रणी जिला प्रबंधक नंदलाल वर्मा एवं रिछपाल पावरिया, प्रबंधक राजस्थान वित्त निगम ने उद्यमियों को ऋण प्रक्रिया, दस्तावेजीकरण एवं वित्तीय सहायता से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा कृषि नवाचार पर आधारित कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को किया जाएगा, जिसमें कृषि नवाचार से जुड़ी विभिन्न जानकारियां दी जाएंगी। मेले के दौरान लोगों ने बीकानेरी भुजिया, नमकीन एवं मिट्टी के बर्तनों की खरीदारी की।

## अवांछित गतिविधियों पर करें त्वरित कार्रवाई, बेहतरीन प्रबंधन से माकूल रहें कानून व सुरक्षा व्यवस्थाएं : सुराणा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को चूरू शहर सदर थाना और कोतवाली का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिले में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं माकूल रहें। शहर में नियमित गश्त बढ़ाएं तथा सराय, होटलों, धर्मशालाओं आदि की जांच करें। किसी प्रकार की अवांछित गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बेहतरीन प्रबंधन करें।

### शहर कोतवाली का निरीक्षण

जिला कलक्टर ने चूरू शहर कोतवाली का निरीक्षण कर थाना परिसर, रिकॉर्ड संधारण, फरियादी कक्ष, मालखाना, मैस तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम नागरिकों की शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा थानों में आने वाले फरियादियों के साथ सहयोगात्मक व्यवहार किया जाए। सुराणा ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, नियमित गश्त बढ़ाने एवं अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीट कानिस्टेबल के समग्र प्रयासों से बीट को मजबूत करें। इसी के साथ इंटेलिजेंस कार्यों को भी बढ़ाया जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों तथा हथियार लाइसेंस के नवीनीकरण हेतु प्राप्त आवेदनों के संबंध में समय-सीमा में आवश्यक रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रोजनामचे और मालखाने का निरीक्षण किया और जब्त सामान आदि की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने मैस का निरीक्षण कर भोजन कर गुणवत्ता जांची और संतुष्टि जाहिर करते हुए भोजन में गुणवत्ता मेंटेन रखने के निर्देश दिए। शहर कोतवाली प्रभारी सुखराम चोटिया ने कोतवाली थाने की व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर एसआई किशनाराम सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सदर थाने का निरीक्षण**-इसके बाद जिला कलक्टर सुराणा ने सदर पुलिस थाने में मालखाने, रिकॉर्ड, एचएम कार्यालय, स्टाफरूम और कार्यालय का निरीक्षण किया तथा ऑनलाइन रोजनामचे, विलेज क्राइम नोटबुक वीसीएनबी का अवलोकन कर जानकारी ली। उन्होंने पुलिसकर्मियों को आमजन की शिकायतों का संवेदनशीलता पूर्वक निस्तारण करने और कानून व सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने के निर्देश दिए। एएसआई गिरधारी लाल ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान राकेश, सुरेंद्र, धर्मेंद्र सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# स्टेट हाईवे व उप जिला अस्पताल की मांग, भाजपा नेता ने निकाली पदयात्रा

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** भाजपा किसान मोर्चा सीकर के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम चौधरी ने बुधवार को श्रीमाधोपुर उपखंड कार्यालय में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन स्टेट हाईवे-37 को फोरलेन बनाने और श्रीमाधोपुर में उपजिला अस्पताल खोलने की मांग को लेकर दिया गया। इससे पूर्व, चौधरी ने जालपाली से अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पदयात्रा निकाली, जो रेलवे स्टेशन रोड़, खटोडा बाजार एसुरानी बाजार, चौपड़ बाजार होते हुए उपखंड कार्यालय पर समाप्त हुई। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री से क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग की गई है। श्याम चौधरी ने बताया कि स्टेट हाईवे-37 जालपाली से अजीतगढ़ तक वर्तमान में दो लेन का है। इस मार्ग पर छोटे-बड़े वाहनों और श्याम बाबा के श्रद्धालुओं का भारी दबाव रहता है। इसी कारण आए दिन सड़क हादसे होते हैं, जिनमें कई लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने मांग की कि यातायात दबाव कम करने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए हाईवे का चौड़ीकरण कर इसे फोरलेन किया जाए। इसके अतिरिक्त, मोड़ों और स्टैंड पर साइन बोर्ड लगाए जाएं तथा डिवाइडर बनाए जाएंए ताकि वाहनों की लेन अलग-अलग रहें और जाम व हादसों की आशंका कम हो। ज्ञापन में श्रीमाधोपुर की बढ़ती आबादी और आसपास की पंचायतों को देखते हुए उपजिला अस्पताल की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। श्याम चौधरी ने बताया कि श्रीमाधोपुर नगर पालिका क्षेत्र और करीब 14 आसपास की पंचायतों के निवासियों को इलाज के लिए लगभग 25 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। स्थानीय स्तर पर पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में कई बार समय पर उपचार नहीं मिल पाता, जिससे गंभीर स्थिति उत्पन्न हो जाती है। श्याम चौधरी ने सरकार से दोनों मांगों को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हाईवे के फोरलेन होने से आवागमन सुगम होगा, दुर्घटनाएं कम होंगी और क्षेत्र में विकास व रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इस अवसर पर भाजपा नेता चौधरी के साथ पदयात्रा में बद्री प्रसाद सैनी, मोहन सैनी, दशरथ कटारिया, जयराम, कैलाश निठारवाल, महेंद्र शेखावत, अजय बाजिया, प्रकाश बाजिया, हरमेश खटकड़, प्रहलाद मुवाल, रामचंद्र, बलदेव सैनी, महावीर सिंह सहित बड़ी संख्या में समर्थक भी उपस्थित थे।

# जिले में ग्राम-2026 के लिए प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर होगा विशेष शिविरों का आयोजन

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** किसानों एवं पशुपालकों को राज्य सरकार की विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी देने तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का सीधा लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में ग्राम-2026 पहल के अंतर्गत प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर एक दिवसीय विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों का शुभारंभ बसंत पंचमी के पावन अवसर पर 23 जनवरी से होगा और यह अभियान 9 फरवरी 2026 तक कुल 10 दिवस चलेगा। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने बताया कि ग्राम-2026 के तहत जिले के प्रत्येक गिरदावर वृत्त में स्थित अटल सेवा केन्द्र अथवा ग्राम पंचायत भवन में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक कृषकों एवं पशुपालकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि उन्हें योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ मौके पर ही आवेदन, स्वीकृति एवं पंजीकरण जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

**बहुविभागीय सहभागिता से मिलेगा सीधा लाभ**-जिला कलेक्टर ने बताया कि शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित अन्य संबंधित विभागों की सक्रिय सहभागिता रहेगी। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं में आवेदन प्राप्त कर स्वीकृतियां जारी की जाएंगी। सहकारिता विभाग द्वारा किसान सम्मान निधिए किसान क्रेडिट कार्ड एवं अन्य योजनाओं के आवेदन लिए जाएंगे। पशुपालन विभाग द्वारा मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत पशुपालकों का पंजीकरण, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी करना तथा योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं दीनदयाल उपाध्याय योजना का सर्वे कार्य पूर्ण किया जाएगा। ऊर्जा विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत पंजीकरण किए जाएंगे। वहीं उद्योग विभाग द्वारा युवाओं के लिए युवा स्वरोजगार हेतु आवेदन तैयार करवाए जाएंगे। 23 जनवरी को भू-अभिलेख वृत्त झुंझुनू, टमकोर, अरड़ावता, सूरजगढ़, मेंहाड़ा जाटूवास, बड़बर, चिराना, चंवरा, चूड़ी चतरपुरा, पिलानी एवं भैसावता खुर्द में शिविर आयोजित होंगें

## प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत हुए नाटाणी

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा द्वारा राजस्थान आवासन मण्डल के प्रदेशाध्यक्ष मोहन सिंह को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ का प्रदेश उपाध्यक्ष, राजस्थान आवासन मण्डल के महामंत्री रमेश चन्द शर्मा को प्रदेश मंत्री एवं राजस्थान आवासन मण्डल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद नाटाणी को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ का प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया गया। आवासन मण्डल के तीनों पदाधिकारियों को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के महत्वपूर्ण पदों पर मनोनीत करने पर राजस्थान आवासन मण्डल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नव मनोनीत सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कर्मचारियों के हित व अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और संघर्ष करने के लिये पूर्ण संपूर्ण एवं त्याग से दायित्व निर्वाहन करने का संदेश देते हुए अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ का आभार व्यक्त किया।

## 500 विद्यार्थियों का हुआ आंतरिक मूल्यांकन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय राजकीय जीएचएस महाविद्यालय में बी.ए. तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के छात्रों का आंतरिक मूल्यांकन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्राचार्य विनीता चौधरी ने बताया कि विद्यार्थियों की आंतरिक परीक्षा सुचारू रूप से आयोजित की गई। परीक्षा में लगभग 500 विद्यार्थी उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न कराने हेतु समुचित व्यवस्थाएँ की गईं। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई तथा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार परीक्षा संचालन किया गया। प्राचार्य विनीता चौधरी ने बताया की आंतरिक मूल्यांकन छात्रों की शैक्षणिक प्रगति को समझने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

सभी विद्यार्थी ईमानदारी, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें तथा अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयासरत रहें। महाविद्यालय के समस्त स्टाफने परीक्षा व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया और परीक्षा का आयोजन व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

## भामाशाह ने अस्पताल में भेंट की सफाई मशीन



निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** राजकीय गोवर्द्धन प्रसाद टांटिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सफाई व्यवस्था को लेकर कस्बे के भामाशाह एवं समाजसेवी मोहम्मद सदीक सिलावट खजवाना वाले ने सीएचसी में 1.62 लाख रुपये की लागत की सफाई मशीन भेंट की। इस दौरान अस्पताल प्रभारी डॉक्टर राजेंद्र घोसल्या ने कहा कि सफाई मशीन मिलने से अब सीएचसी की सफाई व्यवस्था और बेहतर हो सकेगी। इस मौके पर डॉक्टर प्रियंका चौधरी, लोकेश कुमार, भाजपा नेता जुल्फिकार अली रिणीवाल, संदीप सुथार, बीरबल बल्खी, उमर भुट्टा, रामेश्वर छापोला आदि मौजूद रहें। गौरतलब है कि भामाशाह सिलावट लगातार सामाजिक और जनसेवा से सम्बंधित कार्यों में सहयोग दे रहें है।

## कर्तव्य बोध दिवस मनाया

सुरेन्द्र शर्मा

सीकर (नवयत्न)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान उच्च शिक्षा के तत्वावधान में राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय, सीकर में बुधवार, 21 जनवरी 2026 को कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में पुरुषोत्तम मिश्रा, विभाग सह कार्यवाह, सीकर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कर्तव्य बोध के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करना चाहिए। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. सुनीता पाण्डेय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कर्तव्य बोध से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है और यह दिवस हमें अपने दायित्वों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का संचालन इकाई सचिव डॉ. कमल कंवर राठौड़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# ईरान में फंसे भारतीय स्टूडेंट्स का दूसरा बैच भारत लौटा

### अब तक 200 से ज्यादा सुरक्षित पहुंचे; ईरान हिंसा में 3 हजार+ मौतें हुईं

**श्रीनगर।** ईरान में फंसे भारतीय छात्रों का दूसरा बैच मंगलवार रात को सुरक्षित भारत लौट आया है। जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन के मुताबिक, मौजूदा हालात के बीच यह वापसी छात्रों और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। जेकेएसए ने बताया कि छात्र दुबई और शारजाह के रास्ते एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-996 और एआई-930 से दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। सभी छात्र अपने खर्च पर भारत लौटे हैं। अब तक 200 से अधिक भारतीय छात्र ईरान से भारत लौट चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या जम्मू-कश्मीर के छात्रों की है। जेकेएसए ने कहा कि अजरबैजान और मस्कट होकर चलने वाली कनेक्टिंग फ्लाइट्स सहित सिविल एविएशन सेवाएं पहले रद्द होने के कारण कई छात्र समय पर वापस नहीं आ पाए थे।

## जिला स्तरीय व्यवसायिक शिक्षा प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई अपनी प्रतिभाएं

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा झुंझुनू के तत्वावधान में 21 जनवरी 2026 को जिला स्तरीय स्किल एग्जिबिशन कम कंपटीशन 2026 का आयोजन राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू में किया गया। उद्घाटन समारोह डाइट प्रधानाचार्य सुमित्रा झाझडिया के मुख्य आतिथ्य एवं डाइट व्याख्याता प्रमेंद्र कुल्हार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय निर्णायक मंडल में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा झुंझुनू राजेश कुमार मील, प्रधानाचार्य डाइट सुमित्रा झांझड़िया, सी. ओ स्काउट महेश कालावत, कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा मनोज झांझड़िया एवं व्याख्याता प्रमेंद्र कुल्हार रहे। जिले में व्यावसायिक शिक्षा संचालित समग्र शिक्षा के 35 विद्यालयों के कुल 44 सेक्टर के विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा उनके साथ विद्यालय से शिक्षक कौशल मित्र भी उपस्थित रहे । यह प्रतियोगिता कुल 10 सेक्टर में आयोजित की गई । इस प्रतियोगिता हेतु प्री. निर्णायक मंडल का गठन किया गया जिसमें प्रधानाचार्य अशोक कुलहरी, रमेश पूनिया, महेंद्र सिंह रहे। इस प्रतियोगिता में ऐसे विद्यार्थी जो विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे हैं, अपने सेक्टर से संबंधित मॉडल का निर्माण कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया तथा प्रथम स्थान प्राप्त संभागियों को 27 जनवरी 2026 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित किया जाएगा । इनके साथ ही द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान प्राप्त को भी स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए तथा समस्त शेष संभागियो को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में राजेश झांझड़िया, राकेश कुलहरी, नवीन कुलहरी, विकास कुलहरी आदि उपस्थित रहे।

**इनका रहा प्रथम स्थान** – एग्रीकल्चर सेक्टर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इंद्रपुरा के संजीव सिंह, होम फर्निशिंग में महात्मा गांधी स्कूल चनाना की ऋषिका, आटोमोटिव सेक्टर में राजकीय विद्यालय गांगियासर का फिरोज, बैंकिंग एंड फाइनेंस में देरवाला की अफसाना बानो, ब्यूटी एंड वैलनेस में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नवलगढ़ की राजबाला, कंस्ट्रक्शन सेक्टर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नवलडी का अजय कुमार सैनी, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खोह का सचिन कुमार, हेल्थ केयर सेक्टर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केड की अंतिमा, आईटी सेक्टर में महात्मा गांधी स्कूल खीदरसर की मैना कुमारी टूरिज्म एंड होस्पिटिलिटी सेक्टर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का बास का राहुल प्रथम स्थान पर रहे।

## योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से काटना अधर्म : पायलट

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने कहा कि यह निर्वाचन आयोग का दायित्व है देश के प्रत्येक नागरिक के मताधिकार को सुरक्षित रखें। उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी नागरिक अपने मताधिकार से वंचित ना रहे। आज देश में कई जगहों से ऐसी खबरे आ रही है कि राजनैतिक हित साधने के उद्देश्य से मतदाता सूचियों से सैकड़ो लोगों के नाम काटने या जोडने के लिए बी.एल.ओ. अनाश्यक दबाव बनाया जा रहा है। ऐसे अनुचित दबाव के चलते कई स्थानों पर तो बी.एल.ओ. आत्महत्या जैसा कदम उठाने को भी मजबूर हो गये है। वोट देने का अधिकार हमारी सबसे बडी पूंजी है और कोई इसे छीनना चाहेगा तो उसे कतई स्वीकार नहीं किया जायेगा। सचिन पायलट ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण में सतर्कता के लिए लगाये गये कांग्रेस पार्टी के बीएलए की मीटिंग को सम्बोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी द्वारा प्रमाण सहित उजागर की गई मतदाता सूचियों की गड़बडियों और बिहार चुनाव में निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली से साफहो गया है कि निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता संदेह के घेरे में है। ऐसे में अपने मताधिकार की रक्षा के लिए हमें जागरूक रहना होगा।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया श्रीयादे माता का जन्मोत्सव



**बीदासर ( नवयत्न )।** दडीबा में बिलानंद महाराज की बगीची स्थित श्रीयादे माता मन्दिर में श्रीयादे माता के जन्मोत्सव के उपलक्ष में धार्मिक आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम 106 वर्षीय गोरा देवी छापोला की प्रेरणा से समस्त कस्बेवासियों की तरफ से आयोजित किया गया। जिसमें 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा की पूर्णावती के बाद रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन किया गया। हवन व महा प्रसादी के आयोजन के बाद श्री कृष्ण गोशाला से श्रीयादे माता की शोभा यात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए गाजे बाजे के साथ धूम धाम से अद्भुद झांकियो के साथ श्री श्रीयादे माता मंदिर धाम प्रांगण में पहुंची। सायं के समय में मां श्रीयादे का जन्मोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया गया। जिसमें आसपास के क्षेत्रों के अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले में 23 जनवरी से शुरू हो रहे ग्राम उत्थान शिविरों में अधिक से अधिक लोगों को फायदा हो इसके लिए संबंधित अधिकारी पूर्ण तैयारी कर लेवें, ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप लोगों को लाभान्वित किया जा चुकें। जिला कलक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने बुधवार को कलेक्टेऊ्र सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा कृषकों एवं पशुपालकों को केन्द्र व राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं लाभ उठाने के उद्देश्य से राज्य में प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर प्रथम चरण 23, 24, 25 एवं 31 जनवरी, द्वितीय चरण 01 एवं 05-09 फरवरी को प्रत्येक गिरदावर वृत पर ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन होगे जिला कलक्टर ने बैठक के दौरान शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित होने वाली मेगा पीटीएम के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# तेज रफ्तार थार ने फिर बरपाया कहर

## प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रही युवती को कुचला

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** एक्सप्रेस हाईवे पर शांति बाग के समीप बुधवार को तेज रफ्तार काले रंग की थार ने एयरफोर्स फिजिकल की तैयारी कर रही 18 वर्षीय युवती को कुचल दिया। हादसे में युवती ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घबराए थार चालक ने भागने के प्रयास में कई अन्य वाहनों को भी टक्कर मारी लेकिन भागने में सफल नहीं होने पर थार चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने थार को जब्त कर उसके रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर चालक की तलाश शुरु कर दी है। बताया जा रहा है कि झुंझुनूं निवासी अनाया शर्मा जयपुर में अपनी बहन के साथ एयरफोर्स फिजिकल की तैयारी कर रही थी। रोज की तरह वो अल सुबह जॉगिंग करने के लिए निकली थी तभी शांति बाग के पास तेज रफ्तार थार ने उसे कुचल दिया। हादसे में गंभीर रुप से घायल अनाया ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद थार चालक ने भागने का प्रयास करते हुए कई अन्य वाहनों को टक्कर मारी और दादी का फाटक के पास थार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने थार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और गैर इरादन हत्या का मामला दर्ज कर चालक की तलाश शुरु कर दी है।

### एयरफोर्स में सिलेक्शन होने से पहले जिंदगी से हारी जंग

बताया जा रहा है कि एयरफोर्स की तैयारी कर रहीं अनाया शर्मा ने परीक्षा पास कर ली थी और कुछ ही समय में उसका फिजिकल होने वाला था। लेकिन एयरफोर्स में सलेक्शन होने से पहले ही वो अपनी जिंदगी की जंग हार गई। तेज रफ्तार थार उसके लिए काल बन कर आई और उसे हमेशा-हमेशा के लिए शांत कर दिया।

# मोहम्मद सूफियान रहे देशभर में चौथे नंबर पर



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** दिव्यांगता अभिशाप नहीं बल्कि एक विशेष योग्यता है। इसी को साबित करते हुए केजीएन रोड़ सुजानगढ़ के निवासी मोहम्मद सूफियान ने पैरा ओलंपिक में आल ऑवर इंडिया चौथा स्थाल हासिल किया है। सेवानिवृत बैंककर्मी हाजी मोहम्मद के पोते और तैयब अली के पुत्र सूफियान ने हाल ही में 16 से 18 जनवरी तक उतराखंड की रूड़की में आयोजित दूसरी सब जूनियर नेशनल पेरा पॉवर लिफ्टिंग चैम्पीयनशिप 2025-26 में भाग लिया। पैरा कमेटी ऑफिइंडिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में देशभर से दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। यहां पर 30 किलो वजन उठाकर मोहम्मद सूफियान ने देशभर में चौथा स्थान हासिल किया। सूफियान का कहना है कि आगे चलकर वह इंटरनेशनल में खेलकर देश के लिए गोल्ड मैडल लाने की हसरत रखता है। ज्ञात रहे कि सूफियान पिछले एक वर्ष से लातार जैवल्नि थ्रो, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो का अभ्यास कर रहा है। अगस्त 2025 में जयपुर में आयोजित प्रतियोगिता में उसने जैवल्नि थ्रो में सिल्वर, शॉट पुट में गोल्ड और डिस्कस थ्रो में गोल्ड मैडल जीते थे।

# शिवाजी बस्ती का विराट हिंदू सम्मेलन 1 फरवरी को



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** शिवाजी बस्ती का हिंदू सम्मेलन एक फरवरी को जिला खेल स्टेडियम के पीछे तोदी नगर स्थित नीमड़ी बालाजी धाम में होगा। हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर शिवाजी बस्ती आयोजन समिति की बैठक नीमड़ी बालाजी धाम में बुधवार को हुई। बैठक में हिंदू सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन कर आयोजन समिति का गठन किया गया। शिवाजी बस्ती द्वारा आयोजित हिंदू सम्मेलन में देवनगर, जीवननगर, रामेश्वर रेजीडेंसी, ऋषि राज नगर व तोदी नगर शामिल होंगे। बैठक में तय किया गया कि एक फरवरी को सम्मेलन के पहले जीवन नगर पंचमुखी बालाजी मंदिर से नीमड़ी बालाजी धाम तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। संतों के सानिध्य में सम्मान समारोह व सामाजिक समरसता यज्ञ होगा। बैठक में संतों के सानिध्य में नवाचारों के साथ होने वाले हिंदू सम्मेलन को भव्य रूप से मनाने का निर्णय किया गया। सम्मेलन के लिए आयोजन समिति के रोहित दीक्षित, नरनारायण प्रजापत, बनवारी दीक्षित गिरधारी शर्मा, प्रो. भागीरथ चिरानिया, भानाराम सैन, ओमेंद्र चारण, पार्षद पूर्व नेता प्रतिपक्ष अशोक चौधरी व मातृशक्ति की उपस्थिति में पोस्टर विमोचन किया गया।

# किसान सभा का जिला सम्मेलन सम्पन्न, नई जिला कार्यकारिणी गठित

निसं




**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** अखिल भारतीय किसान सभा का दो दिवसीय जिला सम्मेलन जाट छात्रावास में नई कार्यकारणी के चुनाव के साथ सम्पन्न हुआ। अखिल भारतीय किसान सभा की सुजानगढ़ में नींव रखने वाले कॉमरेड सुगनाराम रुलानिया की 5वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रदेशाध्यक्ष पेमाराम पूर्व विधायक ने बताया कि कॉमरेड सुगनाराम ने अपना पूरा जीवन किसानों और मजदूर वर्ग के संघर्ष में समर्पित किया था। आज उनको श्रद्धांजलि देकर उनके अधूरे सपनों को पूरा करना होगा, तभी उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सम्मेलन में दो दिन तक किसानों के अनेक मुद्दों को लेकर प्रस्ताव पास किए गए और सुजानगढ़ को जिला बनाने का प्रस्ताव भी पास किया गया, जो सरकार को भेजा जाएगा। प्रभारी सागर खाचरिया ने बताया कि संगठन चूरू जिले में प्रत्येक गांव में हो उसके लिए जिला कमेटी गांव गांव में ग्राम कमेटियों का निर्माण कर मजबूती से आंदोलन लड़ेगी। राज्य कमेटी सदस्य निर्मल प्रजापत ने बताया कि बीमा क्लेम को लेकर सरकार की मंशा किसानों के पक्ष में नहीं है, बीमा क्लेम को लेकर एक बार जिले में जबरदस्त निर्णायक आंदोलन करेंगे। राज्य महामंत्री छगनलाल चौधरी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि आने वाले दिनों में किसान सभा का राज्य सम्मेलन चूरू जिले के तारानगर तहसील में होगा जो ऐतिहासिक होगा।

जिला सम्मेलन में नई कार्यकारणी का चुनाव किया गया, जिसमें 31 सदस्य जिला कार्यकारणी और 5 सदस्य स्थाई आमंत्रित लिए गए। जिला अध्यक्ष इंद्राजसिंह, उपाध्यक्ष चिमनाराम पांडर, मदन जाखड़, काशीराम सारण, मंत्री उमराव सिंह, संयुक्त सचिव रामनारायण रुलानिया, रामकृष्ण छींपा, गौरीशंकर कोषाध्यक्ष, दीपाराम प्रजापत को चुना गया। कार्यकारणी सदस्य में बेगराज, पूर्णाराम सरावग, भगवानराम जाखड़, विक्रम सोनी, रामकरण भांभू, भादर भांभू, मनीराम कड़वासरा, गोदावरी, सावरमल मेघवाल, कुमाराम जाखड़, मुनेश पुनिया, सोनू जिलेवा, राजबाला, कुरड़ाराम, बेगराज मील, रामनिवास लाम्बा, बिरजूराम खीचड़, सावरमल डूडी, हाकम सिंह, महेंद्र भाकर, रामदेव भाकर, शमशेर खान आदि शामिल हैं। सम्मेलन में समापन सत्र को संबोधित करते हुए स्वागत समिति के रामनारायण रुलानिया ने सबको धन्यवाद देते हुए बताया कि सफल जिला सम्मेलन करवाने के लिए सुजानगड़ के लोगों का पूर्णतय सहयोग रहा।

किसान सभा के स्थानीय अध्यक्ष तेजपाल गोदारा ने राज्य व जिलेभर से आए डेलीगेट्स का आभार जताया। कार्यक्रम में लक्ष्मणराम गोदारा, सहीराम बिजारणिया, नारायण शर्मा, रामनिवास ढ़ाका, लियाकत खां, पवन भोजक, भंवरलाल बुगालिया, दीनदयाल गुलेरिया, रविन्द्र प्रताप सिंह व एसएफआई कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। सम्मेलन समापन पर इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए गए।

# जल संरक्षण से ही सुरक्षित होगा क्षेत्र का भविष्य : मोदी



निसं

**नीमकाथाना (नवयत्न)।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत दयाल का नांगल के ग्राम झालरा में बुधवार को विधायक सुरेश मोदी ने 51 लाख की लागत से निर्मित घोड़ण घाटी बाँध का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर ग्राम झालरा सहित आसपास के गांवों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। समस्त ग्रामवासियों द्वारा विधायक मोदी का माला व साफा पहनाकर पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया।इ उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक मोदी ने कहा कि घोड़ण घाटी बाँध क्षेत्र में वर्षा जल संचयन को सशक्त करेगा, भू-जल स्तर को ऊपर लाने में सहायक सिद्ध होगा तथा किसानों को सिंचाई की स्थायी सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह बाँध केवल एक संरचना नहीं बल्कि क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों के भविष्य की मजबूत नींव है। विधायक मोदी ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में जल संकट को देखते हुए जल संरक्षण और सिंचाई से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस परियोजना से खेती-किसानी को मजबूती मिलेगी, फसल उत्पादन बढ़ेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव में आवश्यकतानुसार विकास कार्य कराए जाएंगे और किसी भी गांव के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की मंशा है कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास पहुंचे। जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आने वाले समय में क्षेत्र में और भी विकासात्मक योजनाएं धरातल पर उतारी जाएंगी। इस अवसर पर राजेन्द्र यादव, प्रशासक माली राम, अरविंद चौधरी, कमलेश मीना, प्रकाश शर्मा, अमीचंद गोदारा, रामनिवास, जय राम, हवा सिंह, शम्भू यादव, राम सिंह, अमीलाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पार्षद की भूख हड़ताल तीसरे दिन रही जारी



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** नगरपरिषद कार्यालय के सामने भाजपा पार्षदों का धरना लगातार जारी है। धरने पर भाजपा पार्षद रेंवतमल पंवार की भूख हड़ताल लगातार तीसरे दिन जारी रही। कनिष्ठ अभियंता को एपीओ किए जाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल की जा रही है। धरने पर भाजपा नेता पवन महेश्वरी, पन्नालाल सोनी, गणेश मण्डावरिया, पार्षद रेवन्तमल पंवार, हरिओम खोड, प्रेम प्रकाश स्वामी, रविन्द्र पांडे, नरेन्द्र प्रजापत, अशोक कुमार तिवाड़ी, महेश जोशी, राजकुमार बागड़ा, विनोद कुमार सरपटा, प्रदेश वाल्मीकी हीरालाल तंवर, बसंत दाधीच, गोवर्धन माली, व्याख्याता हरीश ढ़ेनवाल, संजय तेजी सहित अनेक लोगों ने शिरकत की।

# गिव अप अभियान से त्याग की भावना सशक्त, 73 लाख नए पात्र जुड़े खाद्य सुरक्षा से : गोदारा

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि 1 नवंबर 2024 से शुरू हुआ गिव अप अभियान प्रदेश में त्याग और सामाजिक सरोकार की भावना का प्रतीक बनकर उभरा है। अभियान के तहत अब तक 54.36 लाख से अधिक संपन्न लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से नाम हटाया, जिससे करीब 73 लाख वंचित पात्रों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा जा सका। बुधवार को सचिवालय में प्रेसवार्ता में गोदारा ने बताया कि अभियान अवधि समाप्त होने के बाद 28 फरवरी के पश्चात गिव अप नहीं करने वाले अपात्रों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कोई भी पात्र न छूटे के संकल्प और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों के अनुरूप अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिला। गोदारा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रदेश में 4.46 करोड़ लाभार्थियों की सीमा थी। गिव अप अभियान और लगभग 27 लाख एनएफएसए लाभार्थियों द्वारा ई-केवाईसी नहीं कराने से कुल 81 लाख रिक्तियां बनीं, जो वर्तमान लाभार्थियों का 18.6 प्रतिशत है।

पोर्टल पुनः प्रारंभ होने के बाद अब तक 73 लाख पात्रों को जोड़ा जा चुका है। हाल ही में उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अभियान की सराहना की। जिलावार उपलब्धि में जयपुर प्रथम 3.17 लाख, बाड़मेर द्वितीय 3.07 लाख और सीकर तृतीय 3.04 लाखद्ध रहा। मंत्री ने बताया कि वर्तमान में राज्य में 4.35 करोड़ लाभार्थी हैं और एनएफएसए में करीब 11 लाख रिक्तियां मौजूद हैं, यह स्थिति देश में केवल राजस्थान में है। लंबित आवेदन मात्र 90 हजार हैं। उन्होंने बताया कि केवल पात्रों को जोड़ने के लिए अधिकारी माह में 8 दिन फील्ड सर्वे कर रहे हैं और आवेदनों की त्रिस्तरीय जांच हो रही है। प्रक्रिया सरल करते हुए जिला कलेक्टरों को पात्रों को जोड़ने के लिए अधिकृत किया गया है। साथ ही प्रदेश में जयपुर, भरतपुर और बीकानेर में तीन अनाज एटीएम खोले जाएंगे। जहां लाभार्थी राशन कार्ड से सीधे राशन ले सकेंगे।

# अधिकारों की जंग : पालिका अध्यक्ष ने बुलाई बैठक, ईओ ने किया इंकार

रघुवीर जोशी

**मंडावा (नवयत्न)।** नगर पालिका मंडावा में बोर्ड बैठक बुलाने को लेकर अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी आमने-सामने आ गए हैं। पिछले छह माह से बोर्ड बैठक नहीं होने पर जनहित के मुद्दों पर चर्चा हेतु पार्षदों की मांग के बाद नगर पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी ने 23 जनवरी को बैठक बुलाने की घोषणा की है वहीं ईओ जैकीराम गोयल ने इसे अध्यक्ष के क्षेत्राधिकार से बाहर बताया है। बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में अध्यक्ष नरेश सोनी ने बताया कि 3 अक्टूबर 2025 को उन्होंने कुछ जनहित के मुद्दों को लेकर बोर्ड बैठक बुलाने की मांग करते हुए ईओ को पत्र लिखा था लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पार्षदों द्वारा पुनः बैठक बुलाने की मांग की गई। अध्यक्ष ने अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए 23 जनवरी को दोपहर पूर्व सवा 11बजे अंबेडकर भवन में बोर्ड बैठक आयोजित करने की सूचना जारी की और ईओ को बैठक की व्यवस्था करने व स्वयं उपस्थित रहने के लिए पत्र लिखा। अध्यक्ष सोनी ने आरोप लगाया कि इसके जवाब में ईओ ने पत्र लिखकर कहा कि अध्यक्ष को बैठक बुलाने का अधिकार नहीं है तथा नगर पालिका बैठक नियम 2010 के नियम 3 के अंतर्गत मंडल बैठक आयोजित करना उनके क्षेत्राधिकार से बाहर है। अध्यक्ष ने कहा कि जब ईओ से संबंधित नियमों की प्रतिलिपि मांगी गई तो कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि राजस्थान नगर पालिका कार्य संचालन नियम 2009 के अनुसार, एक तिहाई से अधिक सदस्यों के लिखित अनुरोध पर विशेष बोर्ड बैठक बुलाने का अधिकार अध्यक्ष को प्राप्त है। इसी अधिकार के तहत 23 जनवरी को बैठक बुलाई गई है। बैठक में वार्ड नंबर 6 स्थित हरलालका हवेलियों की स्थिति पर विचार-विमर्श, बिसाऊ चौराहा का नाम अंबेडकर चौराहा रखने तथा खेल स्टेडियम का नाम श्री रतिनाथ खेल स्टेडियम रखने जैसे प्रस्ताव एजेंडे में शामिल हैं। अध्यक्ष सोनी ने कहा कि अधिकारियों पर राजनीतिक दबाव हो सकता है लेकिन दबाव केवल नियमों के दायरे में ही स्वीकार्य होना चाहिए। जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए बुलाई जा रही बैठक में किसी प्रकार का दुरुपयोग नहीं होगा। उन्होंने ईओ को निर्देश दिए कि बोर्ड बैठक में किसी प्रकार का गतिरोध उत्पन्न न करते हुए बैठक को सूचारू रूप से संपन्न कराया जाए।

प्रेस वार्ता में मौजूद पार्षद शशिकान्त सैनी ने कहा कि उन्होंने ईओ से लिखित रूप में बोर्ड बैठक बुलाने की मांग की थी लेकिन बैठक नहीं बुलाई गई। अब अध्यक्ष द्वारा बैठक बुलाए जाने पर ईओ का विरोध करना हठधर्मिता है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिनियम के विरुद्ध है। पार्षद नंदकिशोर यादव भी इस दौरान उपस्थित रहे।




# 4 स्कूलों के 121 विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाए स्वेटर

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय संख्या 22 में गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से 4 सरकारी विद्यालयों के 121 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर्स, जुर्राब उपलब्ध करवाए गए। भामाशाह कमला सिंघी की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोना देवी सेठिया कन्या महाविद्यालय की उप प्राचार्या जयश्री सेठिया ने कहा कि विद्यार्थी किताबी शिक्षा के साथ संस्कार युक्त शिक्षा ग्रहण कर राष्ट्र के सुयोग्य नागरिक बनें। विशिष्ट अतिथि भामाशाह नोपाराम मंडा ने क्लब के तत्वावधान में बाल भारती इंटरनल स्कूल सुजानगढ़ के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित करवाने की घोषणा की। प्रधानाचार्या रिंकू सोनी, पार्षद पंकज घासोलिया ने भी प्रेरकीय संदेश विद्यार्थियों को दिए। प्रधानाचार्या प्रमिला ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सहयोग के लिए यंग्स क्लब का आभार व्यक्त किया। बतौर विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रोहित काकाणी, महेश तंवर, रामावतार मंत्री, जवाहर कटारिया, ललित सोनी, हाजी मोहम्मद, प्रधानाध्यापक किशनलाल रैगर आदि मंचस्थ रहे। धन्यवाद ज्ञापन रोहित काकाणी ने किया। संचालन करते हुए क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि आयोजन के माध्यम से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दुलिया, वाल्मिकी बस्ती, राज उच्च प्राथमिक विद्यालय वार्ड 22 व राजकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम सूरवास के जरूरतमंद विद्यार्थी लाभान्वित हुए। अतिथियों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत मनजीत, शिक्षक हरिराम गोदारा, अब्दुल लतीफ, पुष्पेंद्र भाटी, सालगराम, राकेश शर्मा, बालचंद प्रजापत, रामगोपाल शर्मा, भंवरलाल डूडी, महेंद्र सिंह, चतर सिंह, बनवारी लाल कुलहरि, अजीत सिंह, मंजू महावर, अंजू कुमारी सुथार, प्रकाश, कमला चौधरी, ज्योति सोलंकी, लीला जांगिड़ आदि ने किया।

# कानोरिया टॉपर्स अवार्ड : 27 विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि व प्रशस्ति पत्र

निसं

**मुकुन्दगढ़ (नवयत्न)।** कानोरिया चेरिटेबल सोसायटी द्वारा संचालित कानोरिया स्कूल एवं कानोरिया कॉलेज के बोर्ड तथा विश्वविद्यालय परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 27 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। फिनोटेक्स केमिकल लिमिटेड की सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित इस अवार्ड समारोह में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 5100, 3100 एवं 2100 रुपये की प्रोत्साहन राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ संदीप शर्मा सह-आचार्य भौतिक विज्ञान, आरआर मोरारका राजकीय महाविद्यालय नवलगढ़ रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ नरेश कुमार सहआचार्य हिंदी, आरआर मोरारका राजकीय महाविद्यालय नवलगढ़ तथा अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ बीडी शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि डॉ संदीप शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रोजेक्ट कार्य एवं इंटर्नशिप की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि डॉ नरेश कुमार ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए




उन्हें निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ बीडी शर्मा ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। समारोह में संस्था पदाधिकारी, शिक्षक, एनसीसी, एनएसएस, रोवर्स-रेंजर्स, स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भूगोल प्रवक्ता एवं रेंजर प्रभारी मिनाक्षी शर्मा ने किया।

# छात्रों को टोपी-दस्ताना वितरित

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** मुन्ना लाल मीणा अध्यापक की प्रेरणा से चिमन लाल पंजाबी के पुत्र योगेश कुमार व दौलत राम खुराना ने पंडित बंशीधर शर्मा नांगलका राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय श्रीमाधोपुर में पोषाहार महिला एवं आंगनबाड़ी महिला सहित 51 बच्चों को टोपी एवं दस्ताना वितरण किए।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुमन कटारिया ने विद्यालय परिवार की ओर से दौलतराम खुराना का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

# महिला स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण हल



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर के कोकून हॉस्पिटल में महिलाओं के लिए मेनोपॉजल हेल्थ अवेयरनेस सेशन का आयोजन किया गया। इस सत्र में क्लीनिकल हेड एवं सीनियर कंसल्टेंट ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी डॉ हिमानी शर्मा ने पेरी-मेनोपॉज़ और मेनोपॉज़ के दौरान होने वाले शारीरिक व हार्मोनल बदलावों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने लक्षणों की शुरुआती पहचान, समय पर मेडिकल सलाह लेने की जरूरत और हार्मोनल बैलेंस के तीन मुख्य पिलर्स बैलेंस्ड न्यूट्रिशन, स्ट्रेंथ-बेस्ड एक्सरसाइज़ और स्ट्रेस मैनेजमेंट पर खास ज़ोर दिया। यह सेशन महिलाओं को इस लाइफ़ स्टेज में कॉन्फिडेंस और सही हेल्थ इंफॉर्मेशन के प्रति जागरूकता के लिए महत्वपूर्ण रहा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190